डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

Eid ul fitr

# रॉयल पत्रिका

Eid ul fitr

वर्ष : 20 | अंक : 09 | विशेषांक | पेज: 12 | जयपुर, सोमवार, 31 मार्च से 06 अप्रैल 2025 | साप्ताहिक | मूल्य: 5 रुपए

## ईद-उल-फ़ित्र: त्योहार से बढ़ कर - त्याग, सौहार्द और सामाजिक सद्भाव का पर्व

**डॉ. मुहम्मद इक़बाल सिद्दीकी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। ईद-उल-फ़ित्र इस्लाम के दो त्योहारों में से एक है। यह रमज़ान के महीने के समापन का प्रतीक है, जो आत्मसंयम, ईश-परायणता और आत्मविश्लेषण का समय होता है। लेकिन ईद सिर्फ ख़ुशी और उत्सव का दिन नहीं है, बल्कि यह एक महीने के उस आध्यात्मिक और नैतिक प्रशिक्षण का नतीजा है जो मुसलमानों को संयम, धैर्य, कृतज्ञता और सामाजिक ज़िम्मेदारी सिखाता है। रमज़ान के दौरान सीखे गए आत्म-अनुशासन, हमदर्दी और दानशीलता के सबक़ ईद के मौक़े पर व्यवहार में ढलते हैं। यह दिन आपसी एकता को मज़बूत करने, सामाजिक न्याय को अपने जीवन का हिस्सा बनाने और आपसी सौहार्द को परवान चढ़ाने का अवसर भी होता है। भारत, जो अपनी धार्मिक और सांस्कृतिक विविधता के लिए जाना जाता है, में ईद-उल-फ़ित्र हमेशा से एकता, धार्मिक सद्भाव और भाईचारे का प्रतीक रही है। दुर्भाग्य से हाल के वर्षों में बढ़ती राजनीतिक और सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की कोशिशों ने इसके मूल संदेश को प्रभावित करने की कोशिश की है। ईदगाहों में नमाज़ पर पाबंदियां, मस्जिदों की अन्यायपूर्ण और मनमानी तोड़फोड़, आर्थिक बहिष्कार, नफ़रत भरी बयानबाज़ी और मीडिया का पक्षपातपूर्ण रवैया इस त्योहार की समावेशी भावना के सामने नई चुनौतियां पेश कर रहे हैं। इसके बावजूद, ईद एकता और सौहार्द का प्रतीक बनी हुई है, यह इस बात का प्रमाण है कि समाज आपसी भाईचारे और सह-अस्तित्व के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता बनाए रखे हुए है।

भारत में ईद: एक सांस्कृतिक और सामाजिक उत्सव

भारत में ईद-उल-फ़ित्र केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि देश की सामाजिक और सांस्कृतिक विरासत...

शेष पृष्ठ 2 पर...

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**डॉ. खानुखान बुधवाली**

चेयरमैन राजस्थान बोर्ड ऑफ मुस्लिम वक्फ, जयपुर

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**एम डी चोपदार**

चैयरमेन : राजस्थान मदरसा बोर्ड


### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**सैयद शाहिद हसन**

सीनियर एडवोकेट, मेम्बर राजस्थान वक़्फ़ बोर्ड, मेम्बर एवं पूर्व चेयरमैन राजस्थान बार काउंसिल

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**हमीद खान मेवाती**

प्रदेश अध्यक्ष : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा राजस्थान, Mobile No. 7597364786

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**अशफाक हुसैन**

रिटायर्ड आई.ए.एस. : पूर्व कलेक्टर दौसा


### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**इमरान कुरैशी**

प्रदेश सचिव : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी
कार्यकारी अध्यक्ष : प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग, राजस्थान

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**मोहम्मद रफीक अंसारी**

चेयरमैन : दाई हलीमा मेटरनिटी एण्ड जनरल हॉस्पीटल ट्रस्ट, भीलवाड़ा

### ईद-उल फितर की दिली मुबारकबाद



**रूबी खान**

उपाध्यक्ष : अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी , अल्पसंख्यक विभाग
सचिव : राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमिटी

**कैप्टन मिर्जा एम. बैग**

एयरलाइंस पायलट एवं समाजसेवी

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**आई.डी. खान**

रिटा. चीफ इंजीनियर : पी.एच.ई.डी., राजस्थान सरकार

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**शब्बीर अहमद शेख**

निर्वाचित सदस्य : राजस्थान मुस्लिम वक्फ बोर्ड जयपुर

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**जावेद कागजी**

उपाध्यक्ष : भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, राजस्थान
पूर्व हज कोर्डिनेटर : स्टेट हज कमेटी (राज.)



## सभी प्रदेशवासियों को ईद मुबारक



**डॉ. मोहम्मद शोएब**

प्रदेश सचिव

प्रदेश कांग्रेस कमेटी, राजस्थान

mohammedshoaib.jpr | www.drmohammedshoaib.com

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**डॉ. एम. नासिर खान**

रिटा. सीनियर साइंटिस्ट (सेंट्रल ग्राउंड वाटर डिपार्टमेंट)
मो. - 9928786086


### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**फजलुर्रहमान**

सहायक सचिव (सेवानिवृत) : राजस्थान खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जयपुर

### ईद उल फितर की दिली मुबारकबाद



**सैय्यद अनवर शाह**

डायरेक्टर - अल जामिअ तुल आलिया, साबिर कॉलोनी, चार दरवाज़ा बाहर जयपुर 302002 मो. 93140 11786

## सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत मुबारकबाद



ईद मुबारक

इंजीनियर

**इंसाफ अली आज़ाद**

एडवोकेट - सुप्रीम कोर्ट
राष्ट्रीय सयोंजक
अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी
अल्पसंख्यक विभाग
प्रभारी गुजरात

## रॉयल पत्रिका परिवार की ओर से सभी देश वासियों को ईद उल फितर दिली मुबारकबाद

# युवाओं की प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध - मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## - राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेताओं का किया गया सम्मान
## - 9 खिलाड़ियों को की गई जमीन आवंटित

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि फिटनेस केवल एक विकल्प नहीं, बल्कि हमारे जीवन की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमने फिट राजस्थान अभियान शुरू करने का संकल्प लिया था, 'रन फॉर फिट राजस्थान' इसी संकल्प का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि देश में युवा, महिला, किसान और मजदूर सशक्त होंगे तो देश-प्रदेश भी सशक्त होंगे। इसी को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार द्वारा राजस्थान दिवस महोत्सव के तहत महिला, किसान, अन्त्योदय, युवा एवं सुशासन को समर्पित कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। शर्मा ने राजस्थान दिवस समारोह के तहत कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को अमर जवान ज्योति पर आयोजित रन फॉर फिट राजस्थान दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया तथा स्वयं भी दौड़ में शामिल होकर प्रदेशवासियों को स्वस्थ रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर खिलाड़ी को पर्याप्त अवसर उपलब्ध करवाने तथा उनकी प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए हमने वर्ष 2024-25 में 1614 खिलाड़ियों को 34 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को नकद पुरस्कार के साथ भूखंड आवंटन, सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता और रोडवेज बसों में मुफ्त यात्रा जैसी सुविधाएं दी जा रही हैं। स्पोर्ट्स लाइफ इंश्योरेंस स्कीम से खिलाड़ियों को सुरक्षा कवच भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मिशन ओलंपिक-2028 के तहत 50 प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जाएगा और जयपुर में 20 करोड़ की लागत से "सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्पोर्ट्स" की स्थापना की जाएगी।




**हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर मनाया जाएगा राजस्थान दिवस**

शर्मा ने कहा कि सात चरणों में हुए राजस्थान के एकीकरण की यात्रा में चौथे चरण में वृहद् राजस्थान की स्थापना एक महत्वपूर्ण पड़ाव था, जिसकी यादों को चिरस्थायी बनाए रखने के लिए हर साल राजस्थान दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वृहद् राजस्थान की स्थापना संवत 2006 की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र इंद्रयोग में हुई थी, जिसे राजस्थान के एकीकरण में अहम भूमिका निभाने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी ने विशेष महत्व दिया था। उनकी और समस्त प्रदेशवासियों की भावना को सम्मान देते हुए राज्य सरकार ने अब हर साल चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाने का निर्णय लिया है।

**राजस्थान का खेलकूद के क्षेत्र में गौरवपूर्ण इतिहास**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान का खेलकूद के क्षेत्र में गौरवपूर्ण इतिहास रहा है। कई खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर प्रदेश की पताका लहराई है। पेरिस ओलंपिक में अनंतजीत सिंह व महेश्वरी चौहान ने निशानेबाजी में हिस्सा लिया। पेरिस पैरालंपिक में अवनी लेखरा ने स्वर्ण, सुंदर सिंह गुर्जर और मोना अग्रवाल ने कांस्य पदक जीतकर प्रदेश को गर्व का अवसर दिया। उन्होंने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों में हमारे खिलाड़ियों ने 43 पदक हासिल किए। ये उपलब्धियां हमारे युवाओं की प्रतिभा का प्रमाण हैं।इस अवसर पर युवा मामले एवं खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि जीवन में फिटनेस का बहुत महत्व है। स्वस्थ नागरिक से ही स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी योजनाओं और निर्णयों के माध्यम से प्रदेश में खेल और खिलाड़ियों को निरन्तर प्रोत्साहित कर रही है।इस दौरान मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड में संपन्न राष्ट्रीय खेलों में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया तथा 9 खिलाड़ियों को जमीन आवंटन के पट्टे वितरित किए। कार्यक्रम में संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, प्रमुख शासन सचिव राजस्व दिनेश कुमार, शासन सचिव खेल एवं युवा मामले नीरज के. पवन, 61 सब एरिया के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल रोहित मेहरोत्रा सहित विभिन्न खिलाड़ी, स्कूली छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# वक्फ एमेंडमेंट बिल का बढ़ता विरोध, नीतीश और नायडू को खतरा

## - बिहार विधानसभा चुनाव में बदल सकता है जीत का गणित

जयपुर,(रॉयल पत्रिका)। वक्फ संशोधन बिल का विरोध मुसलमानों के द्वारा पूरे देश में किया जा रहा है। वैसे मुसलमानों का मोदी सरकार का विरोध बीजेपी पार्टी के लिए राजनीति में फायदेमंद होता है, लेकिन भाजपा के सहयोगी दलों जैसे जेडीयू और टीडीपी के लिए नुकसानदायक हो सकता है। क्योंकि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को मुख्यमंत्री बनाने में मुसलमानों का बड़ा योगदान रहा है। वक्फ एमेंडमेंट बिल यदि लोकसभा में केंद्र सरकार द्वारा पेश किया जाता है तो जेडीयू और टीडीपी के बिना सहयोग के पास नहीं हो सकता। ऐसी स्थिति में बिहार विधानसभा चुनाव प्रभावित हो सकते हैं। संसद में वक्फ संशोधित बिल पास होने पर मुसलमान नीतीश कुमार से नाराज



हो सकते हैं। बिहार के मुस्लिम संगठनों ने नीतीश कुमार की रोज़ा इफ्तार पार्टी का भी विरोध किया था। बिहार में दूसरे प्रभावी दलित नेता चिराग पासवान से भी नाराज बताए जा रहे हैं।

**बिहार की राजनीति और संशोधित वक्फ संशोधित बिल -** वैसे जब से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह बने थे और मोदी 2014 में प्रधानमंत्री बने थे तभी से देश के मुसलमानों और सेक्युलर दलों की गलतफहमी निकल गई है कि बिना मुसलमानों के राज्यों और केंद्र में सरकार नहीं बन सकती है। इसलिए वर्तमान राजनीति में सरकार बनाना और नहीं बनाना मुसलमान के हाथ में नहीं रहा है। फिर भी बिहार में करीब 18 से 20 प्रतिशत मुस्लिम वोटर हैं जो किसी भी दल की हार-जीत में प्रभावित हो सकते हैं। बिहार में दलित और पिछड़ा वर्ग के वोटरों की संख्या उच्च वर्ग के वोटरों से बहुत ज्यादा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी धर्म एवं हिंदू मुस्लिम की राजनीति नहीं करते हैं। इसलिए पिछले विधानसभा चुनाव में मुसलमानों ने उनका भरपूर सहयोग किया था, जबकि नीतीश का भाजपा के साथ गठबंधन था। लेकिन वक्फ संशोधित बिल के कारण मुसलमान नीतीश कुमार से नाराज हो सकते हैं। मुसलमानों की नाराजगी का फायदा लालू प्रसाद की पार्टी राजद को मिल सकता है। बिहार में करीब 100 विधानसभा सीटों पर मुस्लिम वोटर प्रभावी है। पिछले विधानसभा चुनाव में थोड़े से अंतर से तेजस्वी यादव सरकार नहीं बना पाए थे। लेकिन भाजपा, नीतीश और चिराग पासवान का गठबंधन भी मजबूत स्थिति में है और फिर से मुसलमानों के नाराज होने के बावजूद सरकार बना सकता है। बिहार में 2025 के अंत में चुनाव होने जा रहे हैं।

# जयपुर में अब एक ही नगर निगम

## -30 साल बाद बदली शहर की सीमा, 80 गांव शामिल, वार्ड घटकर 150 हुए

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान की राजधानी जयपुर में स्वायत्त शासन विभाग ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लिया। जयपुर के दो नगर निगमों ग्रेटर और हेरिटेज को मिलाकर एक कर दिया गया है। इसके साथ ही शहर की सीमा का विस्तार करते हुए 80 नए राजस्व गांवों को निगम क्षेत्र में शामिल किया गया है। यह बदलाव 30 साल बाद हुआ है, जिसके चलते 1.54 लाख की ग्रामीण आबादी अब शहरी सीमा में शामिल हो गई है। हालांकि, इस पुनर्गठन के बाद जयपुर में वार्डों की संख्या 250 से घटकर 150 हो जाएगी। स्वायत्त शासन विभाग ने इस फैसले की अधिसूचना जारी कर दी है, जो मौजूदा निगम बोर्ड के कार्यकाल पूरा होने के बाद प्रभावी होगी। तब तक ग्रेटर और हेरिटेज निगम की व्यवस्था यथावत रहेगी और दोनों मेयर अपने पद पर बने रहेंगे। माना जा रहा है कि अगले छह माह में नए सिरे से निगम चुनाव होंगे, जिसके बाद जयपुर में एक मेयर और 150 पार्षदों की व्यवस्था लागू होगी। जयपुर नगर निगम का यह परिसीमन




2011 की जनसंख्या के आधार पर किया गया है। शहर से सटे 27 ग्राम पंचायतों के 80 राजस्व गांवों को शामिल करते हुए निगम की सीमा में 1,54,840 लोगों को जोड़ा गया है। नए परिसीमन के तहत अब एक वार्ड में 18,000 से 24,000 की आबादी होगी, जबकि पहले यह 9,000 से 12,000 के बीच थी। इसके साथ ही वार्डों का क्षेत्रफल भी बढ़ेगा, जो अब 8 से 15 किलोमीटर तक फैला होगा, पहले यह 3 से 4 किलोमीटर के बीच था।

**जीते हुए पार्षदों पर असर: कौन रहेगा, कौन जाएगा?**

जयपुर में नगर निगमों के एकीकरण और वार्डों की संख्या 250 से घटाकर 150 करने का असर सीधे पार्षदों पर पड़ेगा। अब 100 पार्षदों की सीटें खत्म हो जाएंगी, जिससे कई पार्षद दोबारा चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। जो पार्षद अपने वार्ड में दोबारा चुनाव लड़ना चाहते हैं, उन्हें नए परिसीमन के कारण दूसरी जगह जाना पड़ सकता है या किसी अन्य पार्षद के खिलाफ चुनाव लड़ना होगा। इस बदलाव से भाजपा और कांग्रेस दोनों को नुकसान और फायदा हो सकता है। कुछ वार्डों का दायरा बढ़ने से पार्षदों के लिए जनता तक पहुंचना मुश्किल होगा, जबकि कुछ नए क्षेत्रों में दलों को नया समर्थन मिल सकता है। शहर के 80 नए गांव नगर निगम में शामिल किए गए हैं, जिससे वहां के नेता और सरपंच भी पार्षद चुनाव में मजबूत दावेदार बन सकते हैं। भाजपा और कांग्रेस अब नए परिसीमन के हिसाब से अपनी चुनावी रणनीति बनाएंगी। निर्दलीय पार्षदों के लिए दोबारा जीतना कठिन हो सकता है क्योंकि बड़े दलों का दबदबा बढ़ेगा। परिसीमन और आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही तय होगा कि कौन से पार्षद दोबारा चुनाव लड़ सकते हैं और किन्हें टिकट मिलेगा। कुल मिलाकर, जयपुर नगर निगम के पुनर्गठन से कई पार्षदों को अपनी सीट गंवानी पड़ेगी, तो कुछ को नई सीटों पर अपनी दावेदारी पेश करनी होगी। आने वाले निगम चुनावों में इसका बड़ा असर देखने को मिलेगा। पहले एक वार्ड की जनसंख्या 9,000 से 13,000 थी, अब यह 18,000 से 24,000 होगी। वार्डों का दायरा 3-4 किमी से बढ़कर 8-15 किमी तक हो जाएगा। नए परिसीमन से किशनपोल और आदर्शनगर जैसे क्षेत्रों में भाजपा की स्थिति मजबूत हो सकती है, जहां अभी कांग्रेस और भाजपा में टक्कर थी।

# हज यात्रा-2025 के लिए तीसरी किस्त 3 अप्रैल तक होगी जमा

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई द्वारा सूचित किया गया है कि अन्तर्राष्ट्रीय सांगानेर एयरपोर्ट, जयपुर से हज-2025 पर जाने वाले सभी हाजियों को तीसरी किस्त की राशि ₹57,500/- प्रति हज यात्री के रूप में 3 अप्रैल 2025 तक जमा करनी होगी। इसके अतिरिक्त, यदि हज आवेदन करते समय हज कमेटी के माध्यम से कुर्बानी का विकल्प चुना गया है, तो ₹16,600/- की अतिरिक्त राशि भी जमा करनी होगी। इस प्रकार, कुर्बानी सहित कुल राशि ₹74,100/- 3 अप्रैल 2025 तक हज कमेटी ऑफ इंडिया, मुंबई के खाते में जमा करना अनिवार्य है।

जो शिशु (इन्फेंट) यात्रा प्रारंभ करने के दिन 2 वर्ष से कम आयु का होगा, उसके लिए ₹15,750/- प्रति शिशु की राशि भी जमा करानी होगी। साथ ही, जिन हज आवेदकों पर पहले से कोई बकाया राशि है, उन्हें वह भी इस किश्त के साथ निर्धारित तिथि तक जमा करनी होगी। हज कमेटी की वेबसाइट www.hajcommittee.gov.in पर जाकर वास्तविक जमा राशि की जानकारी प्राप्त की जा सकती है और शेष राशि जमा करने के लिए चालान जनरेट किया जा सकता है। यह अवश्य ध्यान रखें कि हज अदायगी की पूरी राशि निर्धारित तिथि तक जमा नहीं करने पर यात्रा रद्द कर दी जाएगी और प्रतीक्षा सूची के आवेदकों का चयन किया जाएगा।

# जयपुर में "सौगात-ए-मोदी" अभियान की शुरुआत, जरूरतमंदों को बांटी गईं किट

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। शुक्रवार को जयपुर के सांगानेर में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा ने "सौगात-ए-मोदी" अभियान की शुरुआत की। इस मौके पर जेडीए कॉलोनी, गोविंदपुरा में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 551 जरूरतमंद लोगों को "सौगात-ए-मोदी किट" बांटी गईं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत मांडन और अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हमीद खान मेवाती मौजूद रहे। हमीद खान मेवाती ने बताया कि इस अभियान के तहत ईद के अवसर पर 1 लाख 786 जरूरतमंद लोगों तक मदद पहुंचाने का लक्ष्य है। इसके लिए मोर्चा के 1 हजार पदाधिकारी 1 हजार मस्जिदों से संपर्क कर जरूरतमंदों को किट वितरित करेंगे। किट में खाने-पीने की चीजें जैसे सेवईं, खजूर, मेवे, चीनी और कपड़े शामिल हैं। महिलाओं के लिए किट में सलवार-सूट का कपड़ा भी दिया जाएगा। मेवाती ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में "सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास" के सिद्धांत पर चलाया जा रहा है। इसका मकसद गरीब और जरूरतमंद अल्पसंख्यक परिवारों की मदद करना और समाज के सभी वर्गों तक पहुंच बनाना है। कार्यक्रम में अजीत मांडन ने कहा कि रमजान के महीने में हमें गरीबों और कमजोर लोगों की मदद करनी चाहिए। उन्होंने बताया कि मोर्चा गुड फ्राइडे, ईस्टर, नवरोज और भारतीय नववर्ष जैसे त्योहारों पर भी जरूरतमंदों को किट बांटकर भाईचारा और सौहार्द बढ़ाने का काम करेगा। इस मौके पर मोर्चा पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एम. सादिक खान, मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष जंग बहादुर पठान, मोर्चा प्रदेश कोषाध्यक्ष जावेद कागजी, प्रदेश आईटी संयोजक इरशाद हसनपुरा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य नुजहत परवीन, जयपुर शहर महामंत्री मोहम्मद परवेज खान, जफर मिर्जा, नवाब कुरैशी, मौलाना रईस कुरैशी, भाजपा सहित बड़ी संख्या में मोर्चे के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा रोजा इफ्तार का आयोजन

## - पूर्व सीएम अशोक गहलोत व नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली की मौजूदगी में अमन-चैन की दुआ

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आर. आर. तिवाड़ी के नेतृत्व में शुक्रवार, 28 मार्च को रामगढ़ मोड़ स्थित कर्बला दरगाह पर भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक अमीन कागजी और नगर निगम हेरिटेज के डिप्टी मेयर असलम फारूकी एवं रूबी खान सहित कॉंग्रेस पार्टी के सेंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में रोजेदारों ने प्रदेश में अमन-चैन और गंगा-जमुनी तहज़ीब बनाए रखने की दुआ की। जयपुर शहर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आर. आर. तिवाड़ी ने बताया कि इफ्तार कार्यक्रम में सभी धर्मों के लोगों ने एकता और भाईचारे का संदेश दिया।



# जयपुर के मदरसों में राजस्थान दिवस पर खास कार्यक्रम का हुआ आयोजन

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में जयपुर जिले के सभी पंजीकृत मदरसों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के निर्देशन में हुए इन आयोजनों में छात्र-छात्राओं ने शपथ ग्रहण कर राज्य के विकास में योगदान देने का संकल्प लिया। साथ ही, 'नो बैग डे' के तहत विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने पारंपरिक राजस्थानी परिधान धारण कर लोक संस्कृति से जुड़ी प्रस्तुतियां दीं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अभिषेक सिद्ध ने बताया कि जयपुर जिले के सभी मदरसों में राजस्थान दिवस को विशेष रूप से मनाने के निर्देश दिए गए थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सूबे को खुशहाल, स्वच्छ, स्वस्थ, हरित और आत्मनिर्भर प्रदेश बनाने की शपथ ली। 'नो बैग डे' के दौरान बच्चों ने अपनी रोज की पढ़ाई से अलग कई रचनात्मक काम किए। उन्होंने भाषण, कविता पाठ, वाद-विवाद और चित्रकला प्रतियोगिताओं में भाग लिया। खास बात यह रही कि इस दिन बच्चों को राजस्थानी भाषा और संस्कृति से जुड़ने का मौका मिला। उन्हें राजस्थानी भाषा के शब्द, बोल-चाल के वाक्य और पारंपरिक अभिवादन सिखाए गए। यह पहली बार था जब जयपुर के मदरसों में राजस्थान दिवस इतने बड़े स्तर पर




मनाया गया। इसमें बच्चों के साथ-साथ शिक्षकों और अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया। छात्रों ने राजस्थानी कविताएं और गीत प्रस्तुत किए, लोक नृत्य किए और नाटकों के जरिये राजस्थान की समृद्ध संस्कृति को दिखाया।

**मुख्यमंत्री की पहल को समर्थन**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान दिवस को पूरे हफ्ते मनाने की घोषणा की थी, जिसके तहत यह आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और मदरसों ने मिलकर इसे सफल बनाया। शिक्षकों और छात्रों ने इस आयोजन की तारीफ की और कहा कि इससे विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति और परंपराओं को समझने का अवसर मिला। यह कार्यक्रम न केवल शिक्षा को रोचक बनाने के लिए मददगार रहा, बल्कि इससे बच्चों में राज्य और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना भी बढ़ी।




**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

**रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका**

रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।

-संपादक

Scan Here

# डॉ. भीमराव अंबेडकर : भारतीय समाज में समानता और न्याय के प्रतीक

भारत के महान नेता और समाज सुधारक डॉ. भीमराव अंबेडकर ने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, बल्कि उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता, जातिवाद, छुआछूत और भेदभाव के खिलाफ एक सशक्त आंदोलन शुरू किया। उनका जीवन और संघर्ष भारतीय समाज को नए दृष्टिकोण और दिशा देने वाला था, और आज भी उनके विचार और योगदान समाज के हर हिस्से में महत्वपूर्ण हैं। अंबेडकर के विचार और उनके द्वारा किए गए कार्यों ने भारतीय समाज को नए सिरे से परिभाषित किया और उनके सिद्धांत आज भी हमारे समाज में प्रासंगिक हैं।

**सामाजिक न्याय के लिए अंबेडकर का संघर्ष**

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन एक संघर्ष का प्रतीक था। वह स्वयं एक दलित परिवार से आते थे, और उनकी पूरी जिंदगी समाज में व्याप्त असमानताओं और भेदभाव को खत्म करने के लिए समर्पित थी। अंबेडकर ने जातिवाद और ऊँच-नीच की दीवारों को तोड़ने के लिए कड़ी मेहनत की और दलित समुदाय के लिए न्याय और समानता की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन यह साबित करता है कि अगर कोई व्यक्ति अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करता है, तो समाज में परिवर्तन लाना संभव है। अंबेडकर के संघर्ष ने भारतीय समाज में दलितों, आदिवासियों और पिछड़े वर्गों के लिए बराबरी




की आवाज उठाई, जिससे सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया।

**संविधान निर्माण में डॉ. अंबेडकर की महत्वपूर्ण भूमिका**

डॉ. अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता माना जाता है। उन्होंने संविधान सभा में अध्यक्ष के रूप में अपनी भूमिका निभाई और भारतीय समाज को समानता, स्वतंत्रता और भ्रातृत्व की नींव प्रदान की। अंबेडकर ने भारतीय संविधान में जातिवाद, धार्मिक भेदभाव और महिलाओं के खिलाफ भेदभाव को खत्म करने के लिए कठोर प्रावधानों का समावेश किया। उनका योगदान आज भी भारतीय लोकतंत्र की ताकत बना हुआ है, और उनके द्वारा तैयार किए गए संविधान के प्रावधानों ने भारतीय समाज को अधिक समावेशी और न्यायपूर्ण बनाया।

**धर्मांतरण और बौद्ध धर्म की ओर कदम**

डॉ. अंबेडकर ने हिन्द धर्म में व्याप्त असमानता और जातिवाद के खिलाफ संघर्ष करते हुए 1956 में बौद्ध धर्म अपनाया। उनका यह कदम न केवल एक व्यक्तिगत धार्मिक निर्णय था, बल्कि यह समाज में जातिवाद और असमानता के खिलाफ एक आंदोलन था। उन्होंने लाखों दलितों को बौद्ध धर्म अपनाने के लिए प्रेरित किया, जिससे भारतीय समाज में धर्मनिरपेक्षता और समानता के सिद्धांतों को बढ़ावा मिला। अंबेडकर ने बौद्ध धर्म को एक शक्तिशाली माध्यम के रूप में प्रस्तुत किया, जो भारतीय समाज को धार्मिक भेदभाव से मुक्त करने का एक रास्ता था।

**महिलाओं के अधिकारों के लिए डॉ. अंबेडकर का योगदान**

डॉ. अंबेडकर महिलाओं के अधिकारों के कट्टर समर्थक थे। उन्होंने भारतीय समाज में महिलाओं के खिलाफ भेदभाव और शोषण के खिलाफ आवाज उठाई और भारतीय संविधान में महिलाओं के लिए समान अधिकारों का प्रावधान किया। अंबेडकर ने महिलाओं को संपत्ति अधिकार, वोट देने का अधिकार और समान शिक्षा के अवसर प्रदान करने की आवश्यकता को महसूस किया। उनका यह योगदान आज भी महिलाओं के अधिकारों की दिशा में सकारात्मक बदलाव का कारण बना है।

**6. आज के संदर्भ में बाबासाहब अंबेडकर का योगदान**

आज भी भारत में जातिवाद, भेदभाव और असमानता की समस्याएं मौजूद हैं, और ऐसे में डॉ. भीमराव अंबेडकर की विचारधारा और उनके सिद्धांत और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं। उनके द्वारा स्थापित किए गए समानता के सिद्धांत आज भी हमारे समाज, राजनीति और संस्कृति में मार्गदर्शन का काम कर रहे हैं। उनका यह संदेश कि सभी मनुष्य समान हैं और हमें किसी भी प्रकार के भेदभाव से बचना चाहिए, आज भी प्रासंगिक है। अंबेडकर का यह दृष्टिकोण हमें आज के समय में भी सशक्त और समावेशी समाज की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित करता है।

*डॉ. अंबेडकर का मानना था कि शिक्षा एक शक्तिशाली उपकरण है जो समाज में असमानता और भेदभाव को समाप्त कर सकता है। उन्होंने खुद उच्च शिक्षा प्राप्त की और साबित किया कि शिक्षा व्यक्ति की सामाजिक और आर्थिक स्थिति को बदलने की ताकत रखती है। अंबेडकर ने दलित समुदाय को शिक्षा की महत्वता समझाई और समाज के प्रत्येक वर्ग को समान रूप से शिक्षा प्राप्त करने की प्रेरणा दी। उनके योगदान के कारण आज भी शिक्षा को समाज में सशक्तिकरण और समावेशिता का एक प्रमुख माध्यम माना जाता है।*

**डॉ. अंबेडकर का वैश्विक प्रभाव**

डॉ. भीमराव अंबेडकर का प्रभाव न केवल भारत में बल्कि दुनिया भर में महसूस किया गया है। उनके विचारों ने न केवल भारतीय समाज को बदलने का काम किया, बल्कि उन्होंने दुनियाभर में सामाजिक न्याय और समानता के सिद्धांतों को प्रोत्साहित किया। अंबेडकर का बौद्ध धर्म को अपनाने और दलितों के अधिकारों के लिए आवाज उठाने के कारण वे वैश्विक स्तर पर सामाजिक न्याय के प्रतीक बने। उनका दृष्टिकोण आज भी अंतरराष्ट्रीय आंदोलनों में महत्वपूर्ण माना जाता है और उनके विचार आज भी मानवाधिकारों और समानता के लिए काम करने वाले आंदोलनों का मार्गदर्शन कर रहे हैं।

**निष्कर्ष**

डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन और कार्य भारतीय समाज के लिए एक अमूल्य धरोहर है। उनके योगदान के कारण भारत में जातिवाद, भेदभाव और असमानताओं के खिलाफ एक सशक्त आवाज उठाई गई। उनके द्वारा स्थापित सिद्धांत, संविधान निर्माण, और समाज में समानता की दिशा में किए गए संघर्ष आज भी हमारे जीवन में अहम स्थान रखते हैं। बाबासाहब की विचारधारा हमें याद दिलाती है कि भारत को एक सशक्त, समृद्ध और समान समाज बनाने के लिए उनके दिशा-निर्देशों का पालन करना आवश्यक है। उनकी उपस्थिति भारतीय इतिहास और समाज में हमेशा एक प्रेरणा बनकर रहेगी।

## रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

### भारत की आर्थिक स्थिति को कैसे मजबूत किया जा सकता है ?

भारत की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बहुआयामी दृष्टिकोण अपनाना होगा, जो संरचनात्मक चुनौतियों को संबोधित करे और देश की अंतर्निहित ताकत का लाभ उठाए। सबसे पहले, बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। परिवहन, ऊर्जा और डिजिटल कनेक्टिविटी में निवेश से औद्योगिक उत्पादकता बढ़ सकती है और विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आकर्षित हो सकता है। "मेक इन इंडिया" और स्मार्ट शहरों जैसी पहलों को तेज करना होगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए नियमों को सरल बनाना होगा। दूसरा, कुशल कार्यबल तैयार करना आवश्यक है। भारत की युवा आबादी एक संपत्ति है, लेकिन आधुनिक अर्थव्यवस्था की मांगों को पूरा करने के लिए मजबूत शिक्षा और व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम चाहिए। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुंच बढ़ाना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में कौशल विकास बेरोजगारी को कम कर सकता है।तीसरा, कृषि सुधार महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि भारत की बड़ी आबादी इस क्षेत्र पर निर्भर है। खेती की आधुनिक तकनीकों, सिंचाई में सुधार और किसानों के लिए उचित बाजार पहुंच से उत्पादकता और ग्रामीण आय बढ़ सकती है, जिससे आर्थिक असमानता कम होगी। साथ ही, टिकाऊ प्रथाएं पर्यावरण संबंधी चिंताओं को दूर कर सकती हैं। चौथा, विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत करना अर्थव्यवस्था को विविधता प्रदान करेगा। छोटे और मध्यम उद्यमों (एसएमई) के लिए प्रोत्साहन, कर सुधार और व्यवसाय करने में आसानी से रोजगार और निर्यात बढ़ेगा। ऑटोमेशन और IoT जैसी तकनीकों को अपनाने से प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी।अंत में, वित्तीय अनुशासन और समावेशन जरूरी हैं। मुद्रास्फीति नियंत्रण, गैर-आवश्यक वस्तुओं पर सब्सिडी कम करना और डिजिटल बैंकिंग का विस्तार अर्थव्यवस्था को स्थिर करेगा। भ्रष्टाचार पर अंकुश और शासन में सुधार से निवेशक विश्वास बढ़ेगा। इन प्राथमिकताओं—बुनियादी ढांचा, शिक्षा, कृषि, विनिर्माण और वित्तीय स्वास्थ्य—को संतुलित कर भारत अपनी जनसांख्यिकीय क्षमता का उपयोग कर सकता है और आने वाले दशकों में वैश्विक आर्थिक महाशक्ति बन सकता है।इसके अलावा भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने के लिए देश में सामाजिक, धार्मिक भाईचारे को बढ़ाना जरूरी है।

**सवाल:- अगर जकात की रकम एक ग़लत आदमी को चली जाए तो क्या जकात अदा होगी ?**

**जवाब:-** अगर देने वाले ने पूरी तहकीक़ की थी कि यह शख़्स जकात का हकदार है, लेकिन बाद में पता चला कि वह हक्कदार नहीं था, तो जकात अदा हो जाएगी। लेकिन अगर बिना तहकीक़ के ग़लत आदमी को दे दी, तो दोबारा जकात अदा करनी होगी।

# जकात और फितरा: इस्लाम में दान की अहमियत और समाज में बराबरी की ओर एक कदम

इस्लाम, एक ऐसा धर्म है जो न केवल आत्मा की शुद्धि और इबादत की बात करता है, बल्कि समाज में इंसाफ, बराबरी और भाईचारे को भी महत्व देता है। इस्लाम में जकात और फितरा जैसी दान प्रणालियाँ समाज की सामाजिक और आर्थिक स्थितियों को सुधारने का अहम जरिया हैं। ये दान प्रणालियाँ मुसलमानों को अपने धर्म का पालन करने के साथ-साथ समाज के कमजोर वर्गों की मदद करने की प्रेरणा देती हैं।

**जकात: एक अनिवार्य कर्तव्य और समाजिक जिम्मेदारी**

जकात इस्लाम का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है, जो हर सक्षम मुसलमान पर अनिवार्य होता है। जकात का मतलब है "संपत्ति की पवित्रता" या "वृद्धि"। यह उस संपत्ति का एक हिस्सा है, जो एक साल तक जमा की जाती है, और उसे गरीबों, यतीमों, या जरूरतमंदों को दिया जाता है। जकात का उद्देश्य सिर्फ गरीबों की मदद करना नहीं है, बल्कि इससे समाज में धन का उचित वितरण होता है और अमीर-गरीब के बीच की खाई को




कम करने का एक ज़रिया बनता है।

**जकात का उद्देश्य और समाज में असर**

जकात से व्यक्ति अपनी संपत्ति को अल्लाह के आदेश के अनुसार साफ करता है और समाज में असमानताओं को दूर करने का प्रयास करता है। यह एक ऐसा तरीका है, जिससे अमीर मुसलमानों को अपनी संपत्ति का हिस्सा गरीबों तक पहुँचाने की प्रेरणा मिलती है, ताकि समाज में आर्थिक संतुलन बना रहे। जकात से समाज में भाईचारे की भावना बढ़ती है और जरूरतमंदों की मदद करके एक दूसरे के दुख-दर्द में साझेदारी होती है।

**फितरा: रमजान के बाद गरीबों की खुशियाँ**

फितरा, जिसे ज़कात-उल-फितर भी कहते हैं, रमजान के महीने के अंत में दिया जाने वाला एक विशेष दान है। यह दान रमजान के आखिरी दिनों में दिया जाता है और इसका उद्देश्य रमजान के महीने में उपवास रखने के बाद गरीबों को खुशियाँ देना है। फितरा, किसी भी मुसलमान पर अनिवार्य है और यह उन लोगों को दिया जाता है जो आर्थिक रूप से सक्षम नहीं होते, ताकि वे भी ईद की खुशी में शरीक हो सकें।

**फितरा का उद्देश्य**

फितरा का मुख्य उद्देश्य रमजान के उपवास के बाद समाज के जरूरतमंदों को भी खुशियाँ में शामिल करना है। इस्लाम में यह माना जाता है कि रमजान के दौरान जो भी उपवास करता है, उसकी इबादत को पूरी तरह से स्वीकार करने के लिए, उसे फितरा देकर समाज के गरीबों को खुशी का मौका देना चाहिए। इससे गरीबों को ईद के दिन भी खुश रहने का अवसर मिलता है, और समाज में समानता की भावना को बल मिलता है।

**जकात और फितरा: समाज की बेहतरी के लिए एक महत्वपूर्ण कदम**

जकात और फितरा इस्लाम में दान की दो महत्वपूर्ण प्रणालियाँ हैं, जो न केवल मुसलमानों के लिए बल्कि पूरी मानवता के लिए महत्वपूर्ण हैं। ये दान प्रणालियाँ समाज में एकता, भाईचारा और संवेदनशीलता की भावना पैदा करती हैं।

जकात समाज के गरीब और जरूरतमंद वर्गों की मदद करने का सबसे प्रभावी तरीका है, जबकि फितरा विशेष रूप से रमजान के बाद गरीबों को खुशियाँ और सहारा देने का एक माध्यम है। दोनों प्रणालियाँ, इस्लाम में सामाजिक जिम्मेदारी और परोपकार की अहमियत को दर्शाती हैं।

**समाज में समानता और भाईचारे की भावना का विस्तार**

इन दोनों दान प्रणालियों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि वे समाज में समानता और भाईचारे की भावना को बढ़ावा देती हैं। जब मुसलमान अपने सामर्थ्य के अनुसार जकात और फितरा देते हैं, तो इससे एक सशक्त और समान समाज का निर्माण होता है। इस्लाम का यह संदेश है कि किसी भी धर्म, जाति या वर्ग के आधार पर भेदभाव नहीं होना चाहिए। प्रत्येक मुसलमान का कर्तव्य है कि वह अपने समाज के कमजोर वर्गों की मदद करे और उन्हें बराबरी का हक दे।

**निष्कर्ष: दान से समाज का सशक्तिकरण**

जकात और फितरा न केवल धार्मिक कर्तव्य हैं, बल्कि ये समाज में बराबरी और समृद्धि लाने का एक रास्ता भी हैं। इन दान प्रणालियों के ज़रिए मुसलमान न केवल अपनी संपत्ति को पवित्र करते हैं, बल्कि समाज के कमजोर वर्गों को भी हर त्योहार और खुशी में शामिल करते हैं। इनसे समाज में इंसाफ, समानता और भाईचारे का संदेश फैलता है, जो इस्लाम का वास्तविक रूप है।

अल्लाह तआला ने हमें यह जिम्मेदारी दी है कि हम अपने समाज की मदद करें और जरूरतमंदों का सहारा बनें। जकात और फितरा जैसे अनुष्ठानों के माध्यम से हम अपने समाज को मजबूत बना सकते हैं, और एक बेहतर और समान दुनिया की ओर कदम बढ़ा सकते हैं।

पृष्ठ 1 का शेष...

# ईद-उल-फ़ित्र: त्योहार से बढ़ कर...

का हिस्सा है। दिल्ली के चांदनी चौक, हैदराबाद के लाड बाज़ार, लखनऊ के अमीनाबाद और कोलकाता की ज़करिया स्ट्रीट जैसी जगहों पर ईद की ख़रीदारी और तरह तरह के खाने-पीने की रौनक़ देखने लायक़ होती है। इस दिन परिवारों में विशेष दावतें होती हैं, जिनमें शीर ख़ुरमा, सेवइयां, बिरयानी, कबाब और कई तरह की मिठाइयां बनाई जाती हैं। बच्चों को ईदी (नक़दी या तोहफ़े) दी जाती है और लोग एक-दूसरे से मिलकर बधाइयां देते हैं। ईद की यह ख़ुशी सिर्फ़ मुस्लिम घरों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि कई ग़ैर-मुस्लिम दोस्त और पड़ोसी भी इसमें शामिल होते हैं, जिससे भारत की गंगा-जमुनी तहज़ीब और धार्मिक सौहार्द और मज़बूत होता है।

**रमज़ान: एक महीने का आत्मिक प्रशिक्षण**

ईद-उल-फ़ित्र को पूरी तरह समझने के लिए, रमज़ान के आध्यात्मिक सफ़र को समझना ज़रूरी है। यह सिर्फ़ रोज़े रखने या सुबह से शाम तक भूखे-प्यासे रहने का महीना नहीं है, बल्कि आत्म-शुद्धि, अनुशासन और सामाजिक ज़िम्मेदारियों के प्रति जागरूकता पैदा करने का समय भी है। क़ुरआन की आयत (2:183) में बताया गया है कि रोज़े का असली उद्देश्य तक़्वा यानी ईश-परायणता और आत्मिक शुद्धता को विकसित करना है। क़ुरआन में "तक़्वा वाले लोग" (मुत्तक़ी) ऐसे लोगों को कहा गया है जो केवल नमाज़ और ज़कात अदा नहीं करते, बल्कि सत्यनिष्ठा, करुणा और कठिनाइयों में धैर्य से काम लेने वाले भी होते हैं। वे अपने वादों को निभाते हैं, अपने परिवार के साथ खड़े रहते हैं और अनाथों व ग़रीबोंपर दया करते हैं। ज़ाहिर है, ईद-उल-फ़ित्र सिर्फ़ एक त्योहार नहीं है, बल्कि रमज़ान के दौरान मिले आध्यात्मिक और नैतिक प्रशिक्षण की व्यावहारिक परिणति है। यह धार्मिकता, कृतज्ञता और सामाजिक ज़िम्मेदारी जैसे मूल्यों के प्रति नई प्रतिबद्धता का प्रतीक है। ईद केवल ख़ुशी का दिन नहीं, बल्कि रमज़ान में सीखे गए सबक़ों को जीवन में उतारने और दूसरों के साथ अपनी खुशियों को साझा करने का अवसर भी है।

**रमज़ान हमारे अंदर कौन से महत्वपूर्ण गुण पैदा करता है?**

- आत्म-अनुशासन:भूख और इच्छाओं पर नियंत्रण की यह साधना इंसान के भीतर धैर्य और आत्म-शक्ति विकसित करती है। यह लालच, आवेग और बुरी प्रवृत्तियों से बचने में मदद करती है और नैतिक शुद्धता की ओर ले जाती है।
- सहानुभूति और एकजुटता:भूख का अस्थायी अनुभव ग़रीबोंऔर ज़रूरतमंदों की पीड़ा को महसूस करने में मदद करता है। इससे उदारता और दानशीलता स्वाभाविक बन जाती है। रमज़ान हमें यह याद दिलाता है कि ग़रीबोंकी तकलीफें पराई नहीं, बल्कि एक साझा मानव अनुभव है।
- सामाजिक न्याय:इस्लाम सिखाता है कि धन का उचित वितरण होना चाहिए, और रमज़ान हमें यह याद दिलाता है कि जो संपन्न हैं, उन्हें ज़रूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। यह ज़िम्मेदारी ज़कात (वार्षिक दान) और सदक़ा-ए-फ़ित्र (ईद से पहले अनिवार्य दान) तथा और भी कई तरह के दान के रूप में निभाई जाती है, ताकि कोई भी भूखा और ईद की ख़ुशीयों से वंचित न रहे।

**ईद-उल-फ़ित्र का संदेश**

रमज़ान के प्रशिक्षण को ध्यान में रखें तो ईद-उल-फ़ित्रकेवल एक त्योहार नहीं, बल्कि समाज,मानव मात्र के प्रति करुणा और सामाजिक न्यायकी शिक्षाओं को व्यवहार में लाने का अवसर है। यह हमें याद दिलाता है कि असली ख़ुशी दिखावे और भौतिक वस्तुओं में नहीं, बल्कि ज़रूरतमंदों की मदद करने, एकता को बढ़ाने और दया व प्रेम के प्रसार में है।


**ईद-उल-फ़ित्र का मूल संदेश: दान और समावेशिता**

ईद-उल-फ़ित्र केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि इबादत और इंसानियत का संदेश है, जिसमें सदक़ा-ए-फ़ित्र एक अनिवार्य दान है, जिसे ईद की नमाज़ से पहले अदा करना ज़रूरी है। यह ज़कात से अलग है, जो वार्षिक रूप से संचित संपत्ति पर दी जाती है। सदक़ा-ए-फ़ित्र हर मुसलमान पर लागू होता है, उन बच्चों पर भी जो ईद के दिन ही पैदा हुए हैं (उनकी ओर से उनके परिजन अदा करते हैं) ताकि समाज के सबसे ग़रीब व्यक्ति भी ईद की ख़ुशी में शामिल हो सकें।

**इसका उद्देश्य:**

- रोज़े की कमियों की पूर्ति – यह रमज़ान के दौरान हुई छोटी-छोटी ग़लतियों का प्रायश्चित है।
- आर्थिक समावेशन – यह सुनिश्चित करता है कि हर व्यक्ति, चाहे उसकी आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, ईद को गरिमा के साथ मना सके।
- सहानुभूति और एकजुटता – यह सामाजिक न्याय की भावना को मज़बूत करता है और धन के केवल संपन्न वर्ग तक सीमित रहने की प्रवृत्ति को रोकता है।
- भारतीय परिप्रेक्ष्य में इसका विशेष महत्व

भारत में, जहां आर्थिक असमानताएं स्पष्ट रूप से देखी जा सकती हैं, सदक़ा-ए-फ़ित्रका महत्व और बढ़ जाता है। कई मस्जिदें और समाजसेवी संगठन रमज़ान के दौरान ग़रीबोंके लिए भोजन कपड़ों के वितरणऔर आर्थिक सहायता का प्रबंध करते हैं, ताकि ईद की ख़ुशी हर वर्ग तक पहुंचे।यही भावना ईद-उल-अज़हा में भी देखी जाती है, जहां क़ुर्बानी का गोश्त ज़रूरतमंदों में बांटा जाता है, जिससे त्योहार की नेमतें ग़रीबोंतक भी पहुंच सकें।




































### नवीन भगत होंगे जयपुर एयरपोर्ट पर CISF नए कमांडेंट


*नवीन भगत अभी मुंबई एयरपोर्ट पर हैं कार्यरत*
*CISF की सूची में उनका हुआ है मुंबई से जयपुर तबादला*
*जयपुर के सीनियर कमांडेंट नरपत सिंह का हुआ पटना तबादला*
*नरपत सिंह 31 मार्च को हो सकते हैं जयपुर से रिलीव।*























## प्रताप नगर में तेजाजी की मूर्ति तोड़ने पर पुलिस ने की कार्रवाई, DCP ईस्ट तेजस्वनी गौतम को मिली सफलता, मंदिर तोड़ने वाले आरोपी सिद्धार्थ सिंह को किया गिरफ्तार..!





































## कॉमेडियन कुणाल कामरा पर 3 नए केस दर्ज

मुंबई, (एजेंसी)। स्टैंडअप कॉमेडियन कुणाल कामरा के खिलाफ मुंबई के खार पुलिस स्टेशन में 3 नए केस दर्ज किए गए हैं। ये केस महाराष्ट्र के डिप्टी CM एकनाथ शिंदे को लेकर दिए गए विवादित बयान से जुड़े हैं। मुंबई पुलिस की ओर से शनिवार को दी गई जानकारी के मुताबिक, पहली शिकायत जलगांव की मेयर ने दर्ज करवाई है, जबकि बाकी 1-1 केस नासिक के दो अलग-अलग बिजनेसमैन ने किया है। कुणाल को मद्रास हाईकोर्ट से अग्रिम जमानत मिल गई है। कुणाल ने कोर्ट से कहा था कि वे तमिलनाडु के विल्लुपुरम के रहने वाले हैं। मुंबई गए तो गिरफ्तारी होगी। शिवसेना कार्यकर्ताओं से जान का खतरा है।















# जालूपुरा में हुआ रोजा इफ्तार का आयोजन



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। जालूपुरा गली नंबर 2 में हर साल की तरह इस बार भी रोजा इफ्तार का भव्य आयोजन किया गया। इस इफ्तार पार्टी का आयोजन मोहम्मद जुबेर उर्फ शेरू पुत्र बाबू भाई फ्रिज वाले द्वारा किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य व्यक्ति एवं स्थानीय लोग शामिल हुए।मोहम्मद जुबेर ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य गंगा-जमुनी तहज़ीब और भाईचारे को बढ़ावा देना है। हर साल की तरह इस बार भी इफ्तार के मौके पर लोगों ने एक साथ बैठकर रोजा खोला और आपसी प्रेम व सौहार्द का परिचय दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता का बेहतरीन उदाहरण बताया। कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों ने मिलकर दुआ की और शांति, प्रेम एवं भाईचारे की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया।

## पूर्व मुख्यमंत्री हरिदेव जोशी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. श्री हरिदेव जोशी की पुण्यतिथि के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, इन्दिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड, जयपुर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जसवंत गुर्जर, सचिव अय्यूब खान, ताराचंद सैनी, सूरज बागड़ा, पूर्व मंत्री डॉ. महेश जोशी, गिरिराज गर्ग, मंजू शर्मा, राजेन्द्र यादव, प्रद्मन्नसिंह राठौड़, जयकिशन, शकुन्तला शर्मा, अब्दुल हफीज जयपुरी, राजीव त्रिहेन, राजेश कटारा, राजेन्द्र आर्य, गोपाल नावरिया, राजेश पाण्डे, रामकरण कुमावत, धनसिंह नरूका, आशीष हल्दीनिया, सीताराम नेनीवाल, राजेन्द्र शर्मा, दीपक धीर, सत्येन्द्रसिंह जादौन सहित अनेक कांग्रेसजनों ने स्व. हरिदेव जोशी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी पुष्पांजलि दी।

# राजस्थान आईटी डे 2025 - आरआईसी में दो दिवसीय समारोह का समापन

**- सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए पूरी दुनिया की नजर भारत पर:- कर्नल राज्यवर्धन राठौड़**

**- आरआईसी में दो दिवसीय समारोह का समापन**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग द्वारा आयोजित दो दिवसीय राजस्थान आईटी डे का समापन समारोह शुक्रवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि आज पूरी दुनिया सुलभ टेक्नोलॉजी के लिए भारत की ओर देख रही है। भारत में कम कीमत पर उच्च तकनीक की उपलब्धता इसे दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बनाती है। कर्नल राठौड़ ने कहा कि आईटी आज लोगों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है, जिससे कम समय में अधिक दक्षता के साथ काम करना संभव हुआ है। आज मेडिकल, स्पेस साइंस, शिक्षा और सेवा क्षेत्र में आईटी ने लोगों के जीवन को आसान बनाया है। प्रदेश में भी आईटी की मदद से जन कल्याणकारी योजनाएं आमजन तक कम समय में पारदर्शिता के साथ पहुंचाई जा रही हैं।

फायरसाइड चैट राजस्थान' में हुई विस्तृत चर्चा

समापन समारोह के दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने 'फायरसाइड चैट राजस्थान' सत्र में योरस्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा के साथ विस्तृत चर्चा में कहा कि राजस्थान का आईटी विभाग देश में सर्वश्रेष्ठ है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान आज टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में ट्रेंडसेटर के रूप में उभर रहा है, जिससे यह इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के इच्छुक लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है। उन्होंने राजस्थान के डेटा सेंटर को देश में सर्वश्रेष्ठ बताया।

सरकार की पारदर्शिता और जनकल्याण की प्रतिबद्धता

कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में बीता एक साल प्रदेश के विकास के लिए महत्वपूर्ण साबित हुआ है। मुख्यमंत्री की जनकल्याण के प्रति प्रतिबद्धता के कारण राज्य सरकार आमजन की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने में सफल रही है। उन्होंने कहा कि अभी तक लाभार्थियों को योजनाओं के लाभ लेने के लिए सरकार के पास आना पड़ता था, लेकिन अब आईटी के माध्यम से ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि योजनाओं का लाभ देने के लिए सरकार लाभार्थियों तक पहुंचेगी।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की शासन सचिव मती अर्चना सिंह ने बताया कि दो दिवसीय आईटी डे आयोजन में लगभग 3000 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान AVGC-XR क्षेत्र में व्यापक चर्चा की गई तथा ही गेम जैम का आयोजन हुआ। साथ ही 75 से अधिक स्टार्टअप्स ने आईटी एक्सपो मंक अपने नवाचारों को प्रदर्शित किया है। इस आयोजन ने राज्य में नवाचार, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए व्यापक मंच प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के महानिदेशक इंद्रपाल सिंह सेठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2015 में डिजिटल इंडिया की शुरुआत की थी, जिसके माध्यम से सरकारी योजनाओं के लाभ को सीधे अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी के डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के विजन को साकार करने में एनआईसी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

'गेम जैम' में टीम एक्सओडी रही विजेता

आईटी डे के दौरान डेवलपर एसोसिएशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 48 घंटे तक चली गेम जैम प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को गेमिंग के माध्यम से समस्याओं को हल करने की चुनौती दी गई। सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री ने प्रतियोगिता की विजेता एक्सओडी टीम, प्रथम रनर-अप कोडर्स इन डिस्गाइज टीम एवं द्वितीय रनर-अप अंश जैम ग्लोबल टीम को ट्रॉफी और प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया।

9 स्टार्टअप्स को 12 करोड़ की फंडिंग

दिसम्बर 2024 में राइजिंग राजस्थान प्री समिट के दौरान नंदा कैपिटल ने आईस्टार्ट राजस्थान के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत 9 स्टार्टअप्स के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि का निवेश किया गया। समापन समारोह में कर्नल राठौड़ ने इन स्टार्टअप्स को 12 करोड़ रुपए के फंडिंग चेक भी वितरित किए।

अटल ई—गवर्नेन्स स्टेट अवॉर्ड वितरित

समापन सत्र में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने ई-गवर्नेंस के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले राज्य सरकार के कार्मिकों को अटल ई—गवर्नेन्स स्टेट अवॉर्ड 2022-23 तथा 2023-24 से सम्मानित किया। ये पुरस्कार गोपाल कृष्ण शर्मा, जनरल मैनेजर टेक्नीकल राजकॉम्प, गौरव शर्मा, सिस्टम एनालिस्ट, दिनेश गुर्जर, सिस्टम एनालिस्ट, मनोज कुमार जैन, सिस्टम एनालिस्ट, कुभाराम रेलावत, सिस्टम एनालिस्ट, लेखा शर्मा, असिस्टेंट कमिश्नर, शारुल सक्सेना, जॉइंट डायरेक्टर, अभय गुप्ता, जॉइंट डायरेक्टर, राजेश असावा, एसीपी, सौरभ शर्मा, प्रोग्रामर, मोहम्मद रफीक खान, डिप्टी डायरेक्टर, डॉ. विपिन माथुर, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट, दिनेश जलथुरिया, असिस्टेंट प्रोग्रामर, शिवदयाल बरवार, असिस्टेंट प्रोग्रामर, हेमंत मेनारिया, असिस्टेंट प्रोग्रामर, देवकी नंदन गौतम, इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट, नरेन्द्र दनवार, इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट, रामस्वरूप सोनी, इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट, सुभाष चंद्र, इन्फॉर्मेटिक्स असिस्टेंट और शिनॉय अली, बिजनेस एनालिस्ट को प्रदान किए गए।सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग के संयुक्त सचिव संजय जगदीश कर्णिक ने आभार व्यक्त किया। समापन समारोह में गणमान्य अतिथियों के साथ ही उद्योग संगठन, स्टार्टअप सीईओ और संस्थापक, निवेशक, कॉर्पोरेट्स, भागीदार, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ ही बड़ी संख्या में स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

# आष्टींकला में स्वामी विवेकानंद युवा मंडल के द्वारा विश्व क्षय रोग दिवस मनाया



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत आष्टी कलां के स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय परिसर में स्वामी विवेकानंद के युवा मंडल के द्वारा (संबंधता - नेहरू युवा केंद्र संगठन जयपुर) के ओर से 24 मार्च विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सीएचओ दीक्षा सैनी रही, इस कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि में एवं विशिष्ट अतिथि रामेश्वर लाल, रामबाबू रेवाड़, हरफूल निठारवाल, मूलचंद, नरेश डूड़ी एवं विद्यालय के विद्यार्थी उपस्थित रहे। लगभग इस कार्यक्रम में 90 लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के राहुल कुमावत (युवा मंडल अध्यक्ष) ने बताया कि टीबी के बारे में 80 से 90 लोगों को जानकारी दी। दीक्षा सैनी (सीएचओ) ने टीबी के बारे में संपूर्ण जानकारी उपस्थित विद्यार्थियों एवं लोगों को दी। युवा मंडल के अध्यक्ष ने बताया कि एवं टीबी विषय पर विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजन हुआ जिसमें प्रथम व द्वितीय तृतीय आने पर विजेता विद्यार्थी को युवा मंडल अध्यक्ष व अतिथियों द्वारा पुरस्कार दिया गया। राहुल कुमावत ने भी टीबी के बारे में जानकारी दी जिसमें बताया, कि टीबी का उपचार उसका "बचाव ही उसका उपचार "होगा और गांव कि जरूरतमंद और हुनरमंद महिलाओं को रोजगार देने के लिए भी प्रयास करेंगे। अतः गांव कि महिलाएं 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक युवा मंडल अध्यक्ष से संपर्क कर सकती है।

# वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ जयपुर में शांतिपूर्ण विरोध

**- जुमातुल विदा की नमाज में हजारों नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध**



जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। रमजान के पाक महीने में जुमातुल विदा की नमाज अदा की गई। जयपुर की जौहरी बाजार जामा मस्जिद में बड़ी संख्या में रोजेदार इकट्ठा हुए और देश में अमन और चैन की दुआ मांगी। इस दौरान नमाजियों ने काली पट्टी बांधकर वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ अपना शांतिपूर्ण विरोध दर्ज कराया। यह विरोध ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (AIMPLB) की अपील पर किया गया, जिसमें बिल में प्रस्तावित संशोधनों का विरोध जताया गया। इस मौके पर जयपुर से कांग्रेस के दोनों विधायक रफीक खान, अमीन कागजी और वक्फ बोर्ड के चेयरमैन खानु खान बुधवाली भी मौजूद रहे। सभी ने काली पट्टी बांधकर नमाज अदा की और इस बिल को मुस्लिम समाज के लिए अस्वीकार्य बताया। विधायक रफीक खान ने कहा कि "एक ओर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ईद के तोहफे बांट रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वक्फ संशोधन बिल के जरिए डराने की कोशिश की जा रही है। हमें यह बिल किसी भी हालत में मंजूर नहीं।"

नए बिल के तहत वक्फ बोर्ड की संपत्तियों से जुड़ी कानूनी प्रक्रियाओं में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। विवादित संपत्तियों पर ट्रिब्यूनल के बजाय हाईकोर्ट में भी अपील की जा सकेगी। वक्फ संपत्ति घोषित करने के लिए अब दान में दी गई जमीन अनिवार्य होगी। वक्फ बोर्ड में दो महिलाओं और अन्य धर्मों के दो लोगों को शामिल करने का प्रावधान किया गया है। AIMPLB का आरोप है कि यह बिल मस्जिदों, ईदगाहों, मदरसों, दरगाहों, कब्रिस्तानों और परोपकारी संस्थानों को मुस्लिम समाज से छीनने की एक साजिश है।

शिया समुदाय ने वक्फ बिल और फिलिस्तीन पर जताया विरोध

जयपुर की शिया जामा मस्जिद में जुमातुल विदा की नमाज मौलाना नजिश अकबर काजमी ने अदा करवाई। इस दौरान देश में अमन, शांति और तरक्की की दुआ की गई। शिया समाज ने रमजान के आखिरी शुक्रवार को योम-ए-कुद्स के रूप में मनाया। इस अवसर पर इजराइल द्वारा फिलिस्तीनी मुसलमानों पर किए जा रहे हमलों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर मौलाना अली इमाम नकवी, मौलाना नजिश अकबर, मौलाना जिया हुसैन और मौलाना मनाजिर हुसैन मौजूद रहे। इसके साथ ही शिया समुदाय ने वक्फ संशोधन बिल 2024 के खिलाफ भी विरोध दर्ज कराया। उनका मानना है कि यह बिल मुस्लिम समाज की धार्मिक संपत्तियों और स्वतंत्रता को प्रभावित करेगा। नमाज के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही। पुलिस प्रशासन, नगर निगम महापौर, स्थानीय विधायक और वॉलंटियर्स की देखरेख में शांतिपूर्ण विरोध दर्ज किया गया। इसका टाइटल बताओ संभावीत

# राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र में तीन प्रतिष्ठित पुरस्कार

**- केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत से पर्यटन सचिव रवि जैन ने ग्रहण किए पुरस्कार**




जयपुर, (रॉयल पत्रिका)। प्रदेश को पर्यटन क्षेत्र की विभिन्न श्रेणियों में तीन पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। केन्द्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान के पर्यटन सचिव रवि जैन को पुरूस्कार प्रदान कर किए। नई दिल्ली के ओबराय होटल में शुक्रवार को आयोजित इंडिया टूडे सर्वेक्षण और पुरूस्कार 2025 समारोह में पुरूस्कार ग्रहण करने के बाद पर्यटन सचिव रवि जैन ने बताया कि जयपुर जिले के आमेर किले को बेस्ट हेरिटेज श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ विरासत गंतव्य श्रेणी) में, कुंभलगढ़ को बेस्ट माउंटेन डेस्टिनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पर्वतीय गंतव्य श्रेणी) तथा बीकानेर का बेस्ट कलीनेरी डेस्टीनेशन श्रेणी (सर्वश्रेष्ठ पाक-कला) श्रेणी में यह तीन पुरूस्कार दिए गए हैं।इस अवसर पर सिक्किम में पर्यटन मंत्री, विभिन्न राज्यों के पर्यटन सचिव और पर्यटन अधिकारियों सहित राजस्थान पर्यटन के दिल्ली स्थित कार्यालय के सहायक निदेशक छतरपाल यादव भी उपस्थित थे।

# प्रदेश की डबल इंजन सरकार की सिर्फ विकास ही प्राथमिकता-झाबर सिंह खर्रा



चौमूँ, (रॉयल पत्रिका)। ग्राम पंचायत कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत होने पर बस स्टैण्ड कालाडेरा पर विशाल अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। अभिनंदन समारोह के मुख्य अतिथि स्वायत्त शासन एव नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा और पूर्व विधायक रामलाल शर्मा का कॉलेज मोड़ से हाथी पर बैठाकर ग्रामवासियों ने जुलूस निकाला और रोड के दोनों ओर जेसीबी में बैठकर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प वर्षा की गई। बस स्टैण्ड पर रात तक चले समारोह में कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य आतिशबाजी करते हुए अतिथियों का अभिनंदन किया गया। स्वायत्त शासन मंत्री खर्रा और रामलाल शर्मा का मंच पर कुमावत समाज के लोगो ने तहसील अध्यक्ष ओमप्रकाश मामोडिया व उपाध्यक्ष साधुराम कुमावत, ब्राह्मण समाज के लोगो ने इकाई अध्यक्ष भगवान सहाय शर्मा, नामदेव छीपा समाज , मीणा समाज, सैनी समाज खटिक समाज, वाल्मीकि समाज यादव समाज, मुस्लिम समुदाय सहित विभिन्न संगठनों और व्यापार मंडल द्वारा हनुमान जी की गदा देकर, 151 फिट का साफा और 51 किलो की माला पहनाकर स्वागत किया। मंत्री झाबर सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार विकास को प्राथमिकता देती है और बजट घोषणाओं को 100 प्रतिशत धरातल पर उतारने के साथ आमजन को उसका लाभ दिलाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने 35 हज़ार गावों में से 5 हज़ार गांवो को ग़रीबी मुक्त करने का संकल्प लिया है। आने वाले तीन वर्षों में सरकार 5 हज़ार बीपीएल परिवारों को उनकी कार्य क्षमता के अनुसार बिना ब्याज पर ऋण देकर गरीबी रेखा ऊपर उठाने का काम करेगी। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि जब मैंने बस स्टैंड कालाडेरा में चुनावी सभा की थी तब यहां उपस्थित जनता से भाजपा की सरकार आने पर नगरपालिका बनाने का वादा किया था जो साकार हो गया है। एक सच्चे जनप्रतिनिधि का कार्य जनभावनाओं के अनुरूप होना चाहिए। उन्होंने कालाडेरा को नगरपालिका में क्रमोन्नत करने पर माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त किया। इस मौक़े पर कार्यक्रम प्रभारी बजरंग लाल सोनी, जयपुर जिला देहात (उत्तर) जिलाध्यक्ष सुरेश सैनी, प्रधान रामस्वरूप यादव, गोविंदगढ़ पंचायत समिति सदस्य एवं कालाडेरा मंडल अध्यक्ष लालचंद यादव, इन्होंने भी आए हुए सभी जनप्रतिनिधियों का मलावसाफा पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर बांसा मंडल अध्यक्ष शंकर गगोरिया, गोविन्दगढ़ मंडल जितेन्द्र सिंह, नगर मंडल अध्यक्ष बाबूलाल सैनी, प्रशासक अशोक शर्मा, पूर्व सरपंच विष्णु नागर, पूर्व फल सब्जी मंडी अध्यक्ष दिनेश गोरा, पूर्व सरपंच रामगोपाल मीणा, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हनुमान खोज, छीगनलाल कुमावत, कालूराम जाट, ग्यारसी लाल खोज, कालूराम उज्जैनिया, बबलू उज्जैनिया, रणजीत, ओम प्रकाश दुसाद, नंदलाल कुमावत, मुकेश पंचोली, मुकेश पतालिया सहित सैकड़ो ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## राजस्थान दिवस पर मदरसों के बच्चों ने अपनी कला की प्रस्तुति दी

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान दिवस के अवसर पर अल्पसंख्यक विभाग के अधीन संचालित समस्त पंजीकृत मदरसों में 28 मार्च को शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शनिवार 29 मार्च को "नो बैग डे" के अवसर पर समस्त मदरसों में सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें राजस्थानी वेशभूषा पहनकर बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया।इस दिवस पर मदरसा स्टाफ एवं बच्चों ने पारंपरिक वेशभूषा पहनी, राजस्थानी भाषा में परिचय दिया तथा स्थानीय भाषा में भाषण , कविताएं सुनाकर कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षकों द्वारा भी राजस्थान के इतिहास ,संस्कृति, कला, विविधता के बारे में स्थानीय भाषा में बच्चों के साथ जानकारी साझा की गई। इन गतिविधियों के आयोजन से बच्चों को राजस्थान कि परंपरा ,समृद्ध इतिहास, लोक कलाओं के बारे में जानने का अवसर मिला।

## राणा सांगा पर सपा सांसद द्वारा टिप्पणी पर करणी सेना ने की प्रेस वार्ता



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन की ओर से यह राणा सांगा को लेकर दिए गए विवादित बयान के चलते उनके चारों तरफ आलोचनाएं हो रही है। इसी कड़ी में अब सवाई माधोपुर में भी विरोध के सुर उठने लगे हैं। सवाई माधोपुर में करणी सेना की ओर से रामजीलाल सुमन को राजस्थान नहीं आने की चेतावनी दी। इसी के साथ ही करणी सेना ने कहा कि अगर राज्यसभा सांसद राजस्थान आए तो उनकी हालत भी भंसाली जैसी होगी। विवादित बयान को लेकर श्री राजपूत करणी सेवा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सिंह खजूरी ने रणथंभौर सर्किल स्थित अपने कार्यालय पर प्रेस वार्ता आयोजित की। जिसमें उन्होंने करनी सेना के विरोध की रणनीति से मीडिया को अवगत कराया। इस दौरान दिलीप सिंह ने बताया कि राजस्थान में करणी सेवा की ओर से प्रत्येक जिला मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद राष्ट्रपति के नाम सभी जिला कलेक्टरों को ज्ञापन सौंपा जाएगा। खिजूरी ने कहा कि करणी सेना राष्ट्रपति से सुमन की संसद की सदस्यता निरस्त करने की मांग करती है। उनकी मांग पूरी नहीं होने तक करणी सेना की ओर से लगातार विरोध प्रदर्शन जारी रखा जाएगा। मांग नहीं माने जाने की स्थिति में जयपुर में एक बड़ा आंदोलन किया जाएगा। जिसके बाद भी अगर उनकी मांगे नहीं मानी जाती है तो वह सर्व समाज के साथ करणी सेना दिल्ली की और कूंच करेंगी। खिजूरी ने कहा कि करणी ऐसे महापुरुष का अपमान सहन नहीं करती है। जिसने अपना संपूर्ण जीवन देशभक्ति के लिए समर्पित कर दिया था। जिन्होंने लड़ाईयां लड़ते हुए शरीर घाव लिये थे। जिन्हें भारतीय इतिहास में सैनिकों का भग्नावशेष कहा जाता है। ऐसे वीर महान प्रतापी इतिहास पुरुष का अपमान बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# जलदाय विभाग कर्मचारी का विदाई समारोह आयोजन हुआ



चौमूं, (रॉयल पत्रिका)। चौमूं के स्थित जलदाय विभाग के कर्मचारी अपने कार्यों से ही जाना जाता है लोक हित के कार्य करने वाला कर्मचारी हर जगह सम्मान पाता है। यह बात चोमू स्थित जलदाय विभाग के कार्यालय में आयोजित कर्मचारी सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि विधायक शिखा मिल बराला ने कहीं। कार्यक्रम के दौरान अधिशासी अभियंता जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग हिमांशु मील ने कहा कि जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से संबंधित कर्मचारियों को हल करना चाहिए। कार्यक्रम के दौरान उपखंड अधिकारी दिलीप सिंह राठौड़, सहायक अभियंता सुनील कुमावत, कनिष्ठ अभियंता गोविंदगढ़ ज्योति सैनी, कनिष्ठ अभियंता चोमू आशुतोष सैनी, ब्लॉक प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी राम सिंह मीणा, उपकोष अधिकारी चौमू अरुण मिश्रा आदि ने भी विचार व्यक्त किया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी नवीन कुमार शर्मा व मनमोहन यादव ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान विभाग मे उत्कृष्ट कार्य करने वाले सहायक अभियंता गोबिंदगढ़ अभय कुमार चौहान, लिपिक मुकेश मीणा, बालकृष्ण पारीक, मनमोहन यादव व तकनीकी कर्मचारी अयूब खान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस दौरान इस दौरान सहायक अभियंता चौहान का कर्मचारियों ने 51 फीट का सफा पहनकर वह स्मृति चिन्ह देकर विशेष सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान संत महात्माओं ने भजनों की आकर्षक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मनमोहा।

मोहम्मद रिजवान खान
स्टेट वाईस चेयरमैन
कांग्रेस (KKC)

यूनुस अगवान
प्रदेश महासचिव
कांग्रेस (KKC)

महबूब अली अंसारी
प्रदेश महासचिव
कांग्रेस (KKC)

अकील अहमद
प्रदेश महासचिव (संगठन)
कांग्रेस (KKC)

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

---

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की
बहुत-बहुत मुबारकबाद

ईद मुबारक

विशेष... एक्सपर्ट क्रिमिनल लॉयर बारां

फिरोज खान
एडवोकेट L L B

राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर
जिला एवं सेशन न्यायालय बारां

फरातुन निशा
एडवोकेट L L B

सूफ़ी
सबा
फवाज़
फ़ैज़ल

पता:- नूर हाउस, चाचा घोड़ी वालों का मकान, सब्जी मंडी, बारां - 9024499777

---

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत
मुबारकबाद

अशफाक हुसैन
प्रदेशाध्यक्ष
सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया राजस्थान
198, अर्श अपार्टमेन्ट, ग्राउंड फ्लोर, आदर्श नगर, जयपुर (राज.)

---

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत
मुबारकबाद

डॉक्टर शाकिर अंसारी
वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी
नाक, कान, गला रोग विशेषज्ञ
शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय बारां

---

मोहम्मद अशफाक
पूर्व सदस्य
स्टेट हज कमेटी, राजस्थान

मोहम्मद अबरार

मोहम्मद अफसार

मोहम्मद अनवार

मोहम्मद इल्फाम (मोनू)

मोहम्मद दानिश

सभी देशवासियों और बारां शहर के अमन पसंद लोगो को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

सौजन्य से:- मोहम्मद अशफाक, पूर्व सदस्य, स्टेट हज कमेटी राजस्थान

---

सभी देशवासियों और बारां शहर
के अमन पसंद लोगो को
ईद-उल-फितर
की
दिली मुबारकबाद

सद्दाम हुसैन अंसारी
सदर
ईदगाह कमेटी बारां

वसीम अंसारी

आरिफ हुसैन
दानिश अंसारी
शादाब अंसारी

सौजन्य से:- बहुराणी साड़ी शोरुम, शास्त्री मार्केट बारां | M.No. 94611 21558

---

हाजी अब्दुल गनी
हाजी मोहम्मद उमर
मोहम्मद यूसुफ
मुख्तार अली
मंजूर कुरैशी
साबिर हुसैन
परवेज अख्तर

सभी देशवासियों और बारां शहर के अमन पसंद लोगो को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

मिनजानिब:- फिरका फिश कंपनी, पुराना गाड़ी अड्डा, होटल हयात के पास, बारां

---

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत
मुबारकबाद

डॉक्टर सरफराजुद्दीन अफजल
यूनानी चिकित्सा अधिकारी
राजकीय यूनानी औषधालय
शहीद राजमल मीणा राजकीय चिकित्सालय बारां

---

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की
बहुत-बहुत मुबारकबाद

डॉक्टर मोहम्मद फरहान

नेकनाम मेडिकल स्टोर, मांगरोल रोड़, बारां

---

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत बधाई
व शुभकामनाएं

रुस्तम अली खान
लेक्चरर, अंग्रेजी
महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय
पलायथा, ब्लॉक अंता - जिला बारां

---

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की
बहुत-बहुत मुबारकबाद

अफसर अली चिश्ती
समाजसेवी, कुंजेड़

---

सभी देशवासियों और बारां शहर
के अमन पसंद लोगो को
ईद-उल-फितर की बहुत-बहुत
मुबारकबाद

अब्दुल अजीज (अज्जू)
पार्षद नगर परिषद बारां
सेक्रेट्री - जिला फुटबॉल संघ बारां
जिलाध्यक्ष : सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी ऑफ इंडिया बारां

---

सभी देशवासियों और कोटा शहर
के अमन पसंद लोगो को
ईद-उल
फितर
की बहुत-बहुत
मुबारकबाद

मोहम्मद आसिम
पार्षद
वार्ड नं 52
नगर निगम, कोटा उत्तर
वेलफेयर पार्टी ऑफ़ इंडिया

WELFARE PARTY OF INDIA

---

तमाम
देशवासियों
को
तहेदिल से
ईद मुबारक

अरशद अंसारी
चेयरमैन
YGN Education Group

Admission Open

Diploma in Fire Safety/PGDCA/MBA/MCA/M.A./
M.A. (Edu.)/M.Com/M.Sc/BBA/BCA/B.A./B.Com/B.Sc/
B.Tech/M.Tech./B.Lib./M.Lib./Diploma in All

Admin Office : Near Noori Jama Masjid, Vigyan Nagar, Kota
Call & Whatsapp 9314203456, 9636059945
Web Site : www.ygngroup.org | Email : ygn.kota@gmail.com

---

इमरान अंसारी
9829721401

मोहम्मद आरिफ
(सॉफ्टवेयर इंजीनियर)

आज़ाद अंसारी
9928500666

सभी देशवासियों को ईद-उल-फितर की
बहुत-बहुत मुबारकबाद

सौजन्य से : दर्जी स्टूडियो, पाकीज़ा शोरुम, किरन मार्केट , बारां
फॉरवर्ड टेलर, स्टेशन रोड़, बारां

---

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर
की
दिली मुबारकबाद

शाहिद बजाज
मो. 9660151323

सहाना

शोएब
आरिश
रेहान

सौजन्य से : S. S. सर्विस सेंटर, शाहबाद रोड़, बारां

---

अब्दुल रशीद पठान
मोहम्मद नदीम (शानू)
इरफान खान
सलमान खान
आमिर खान
आसिफ खान

सभी देशवासियों को
ईद-उल-फितर की दिली मुबारकबाद

सौजन्य से:- निखार कलेक्शन, राज स्टील हार्डवेयर
इरफान स्क्रैप ट्रेडर्स, N S स्क्रैप ट्रेडर्स बारां

---

आप सभी को ईद-उल-फितर
की तहेदिल से मुबारकबाद

साहिब हुसैन
पार्षद - नगर निगम
कोटा दक्षिण
9785383840

ताजिम हुसैन
समाजसेवी
8504977790

सौजन्य से:- ताजिम टूर एंड ट्रेवल्स, 3-क-71 छत्रपुरा मैन रोड
विज्ञान नगर कोटा।

# जिले में शिक्षा को नई उड़ान, 6 करोड़ की लागत से होगा अत्याधुनिक स्कूल भवन का निर्माण

बारां, (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित हो रहे हैं। इसी कड़ी में बारां जिले के अटरू क्षेत्र के चरड़ाना गांव में 6 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक विद्यालय भवन का शिलान्यास किया गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर जिला प्रभारी मंत्री ओटाराम देवासी और अरड़ाना गांव की 105 वर्षीय महिला भूली बाई ने भूमि पूजन कर निर्माण कार्य की नींव रखी। प्रभारी मंत्री ने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कार्यो की सराहना की। प्रभारी मंत्री देवासी ने कहा कि चरड़ाना में बनने वाले इस आधुनिक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय से विद्यार्थियों को आधुनिक और गुणवत्तायुक्त शिक्षा का लाभ मिलेगा। जहां 18 स्मार्ट क्लासरूम, अत्याधुनिक पुस्तकालय, कंप्यूटर लैब, साइंस लैब और खेल मैदान जैसी




सुविधाएं छात्रों को मिलेंगी। वहीं भतीजे के स्वर्गवास के शोक के चलते शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कार्यक्रम में आम व्यक्ति की तरह हिस्सा लिया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के पैतृक गांव चरड़ाना में मुंबई की निजी संस्था द्वारा 6 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक विद्यालय भवन का निर्माण कराया जा रहा है। शिलान्यास कार्यक्रम के दौरान स्कूल मैदान में समारोह का आयोजन हुआ, जहां मंत्री ओटाराम देवासी, विधायक कंवरलाल मीणा, विधायक राधेश्याम बैरवा, माध्यमिक शिक्षा विभाग के निदेशक आशीष मोदी सहित जयपुर टोंक के जिला प्रमुख बतौर अतिथि मौजूद रहे। इस समारोह में सैकड़ो की संख्या में आसपास के गांव के ग्रामीण और स्कूली बच्चे भी मौजूद रहे।

# सुकेत में 4.50 करोड़ की लागत से बनेगी गर्ल्स कॉलेज

## -जुल्मी रोड पर बनेगा भवन, 20 शैक्षणिक पद भी स्वीकृत हुए

डॉ० तौहीद
सुकेत, (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान सरकार ने बजट 2025-26 में रामगंजमंडी के सुकेत में गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज के लिए 4.50 करोड़ रुपए मंजूर किए हैं। उच्च शिक्षा विभाग ने गुरुवार को 9 नए महाविद्यालयों के लिए बजट स्वीकृति दी। सुकेत गर्ल्स कॉलेज की नई बिल्डिंग के लिए 4 करोड़ 50 लाख रुपए मंजूर किए गए हैं। कॉलेज की बिल्डिंग कस्बे के जुल्मी रोड पर बनेगी। विभाग ने महाविद्यालय के लिए 20 शैक्षणिक पद भी स्वीकृत किए हैं। उपप्रधान सुनील गौतम ने बताया कि पहले कॉलेज के लिए तीन स्थानों पर सर्वे किया गया। इनमें सुकेत-रामगंजमंडी रोड और सुकेत थाने के सामने का



क्षेत्र शामिल था। लेकिन वहां गाइडलाइन के अनुसार आवश्यक 13 बीघा जमीन नहीं मिल पाई। अंत में जुल्मी रोड पर 13 बीघा आबादी क्षेत्र में कॉलेज की भूमि चिन्हित की गई। इस कॉलेज से रामगंजमंडी, झालावाड़, सातलखेड़ी, जुल्मी और ढाबादेह कस्बे तथा आसपास के ग्रामीण क्षेत्र की छात्राओं को उच्च शिक्षा की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

# प्राचार्य और चिकित्सा अधीक्षक के निरीक्षण में पकड़े गए तीन लपके, किया पुलिस के हवाले

## -जिला राजकीय भरतिया अस्पताल में लपका गिरोह का राज खुला



मोहम्मद अली पठान
चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर पं. दीनदयाल उपाध्याय मेडिकल कॉलेज से सम्बद्ध राजकीय भरतिया अस्पताल में लपका गिरोह की शिकायत के बाद सक्रिय हुए अस्पताल प्रशासन ने एक युवति, अस्पताल के गार्ड सहित तीन जनों को रंगे हाथो पकड़ा। जिन्हें कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोतवाली पुलिस ने युवती मोनिका, गार्ड हनुमानसिंह तथा युवक पंकज को गिरफ्तार कर लिया है। युवक पंकज अस्पताल की लेब में फर्जी तरीके से काम कर रहा था। जिसके पास न तो कोई डिग्री और न हीं अस्पताल की ओर से जारी किया गया कोई नियुक्ति पत्र था। लपका गिरोह का खुलासा उस समय हुआ जब मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. एम.एम. पुकार, मेडिकल सुप्रीडेंट डॉ. दीपक चौधरी व डिप्टी मेडिकल सुप्रीडेंट डॉ. इदरिश खान ने अस्पताल का निरीक्षण किया। यह लपका गिरोह रोगी व उनके परिजनों को मदद का झांसा देकर उन्हें चूना लगा रहे थे। रोगी व परिजनों की जांच करवाने, डॉ को जल्दी दिखाने, फ्री की सरकारी दवाइयां दिलवाने के बहाने उनसे नजदीकी बनाते और फिर निजी अस्पतालों, निजी लेब और मेडिकल स्टोर्स में कमीशन के बदले काम कर रहे थे। मेडिकल कॉलेज प्राचार्य डॉ. पुकार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान सामने आया कि एक युवती अस्पताल में स्थित दवा वितरण केन्द्र में एप्रीन पहने हुए ड्यूटी कर रहे हैल्पर के साथ दवा वितरित कर रही थी। जिस पर प्रिंसिपल व मेडिकल सुप्रीडेंट द्वारा युवती से नाम और उसकी आईडी के बारे में पुछा गया। तब उसने प्रिंसिपल और सुप्रीडेंट को गुमराह किया। जिसने कभी खुद को निजी अस्पताल का स्टाफ बताया तो कभी कुछ बताया। जबकि अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे में युवती लेब, सोनोग्राफी परिसर के पास और दवा वितरण केन्द्र में नजर आयी है। इस पर संदिग्ध युवती को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया। कोतवाली सीआई सुखराम चोटिया ने बताया कि मेडिकल कालेज प्रिसिपल की शिकायत के बाद राजकीय भरतिया अस्पताल में लपकागिरी कर रहे मोनिका, गार्ड हनुमान सिंह व युवक पंकज को गिरफ्तार किया गया है। फर्जी तरीके से कर रहा लेब में काम प्राचार्य डॉ. पुकार ने बताया कि पंकज अस्पताल की लैब में सीनियर लेब टेक्निशियन के साथ बिना किसी योग्यता के काम कर रहा था। जो न तो अस्पताल का स्टाफ है। और न ही राजकीय मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज का स्टूडेंट हैं। इसके बाद भी सभी की नजर में धूल झोंककर यह लेब में धड़ल्ले से काम कर रहा था। उन्होंने बताया कि लेब का सीनियर लेब टेक्निशियन अमित कुमार युवक पंकज को अपने साथ अपना असिस्टेंट बनाकर रखता था। जो अस्पताल की लेब में बिना लेब इंचार्ज की परमिशन के यहां काम रहा था। डॉ. पुकार ने बताया कि इस मामले में सीनियर लेब टेक्निशियन सहित सभी दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी ।

# झालावाड़ में पोषण जागरूकता कार्यशाला का हुआ आयोजन

फिरोज खांन वारसी
झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 28 मार्च को पोषण अभियान के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केंद्र में पोषण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में झालावाड़ जिले के मीडिया प्रभारी, विभागीय बाल विकास परियोजना अधिकारियों, महिला पर्यवेक्षकों, चिन्हित आंगनबाडी कार्यकर्ताओं तथा पोषण अभियान के अन्तर्गत कार्यरत पोषण अभियान कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यशाला में उपनिदेशक महिला एवं बाल विकास सत्यनारायण नावरिया द्वारा पोषण अभियान के अन्तर्गत संचालित गतिविधियों तथा इससे जुड़ी विभिन्न तकनीकी जानकारियां दी गई। साथ ही गतिविधियों के संचालन में आ रही समस्याओं का निराकरण किया गया। सीडीपीओ बकानी दिलीप गुप्ता द्वारा पोषण अभियान




की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला के दौरान अन्य महत्वपूर्ण विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमन्त्री मातृत्व वंदन योजना, मुख्यमंत्री मातृत्व पोषण योजना आदि से सम्बन्धित जानकारी प्रदान की गई। योजना से सम्बन्धित समस्याओं का निराकरण किया जाकर फील्ड कार्मिको का क्षमतावर्धन किया गया। सामुदायिक कार्यक्रम के तहत गोद भराई एवं अन्न प्राशन की गतिविधियां भी की गई। कार्यशाला के दौरान सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले फील्ड अधिकारियों एवं कार्मिको को सम्मानित किया गया। कार्यशाला में सीडीपीओ झालरापाटन शैलेश कुमार,अकलेरा रविन्द्र मीणा सहित जिला समन्वयक पोषण अभियान नटवर सिंह झाला, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना समन्वयक सौरभ शर्मा, मुकेश कुमार कुशवाह, देवराज शर्मा आदि मौजूद रहे।

# परिसीमन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रोड सिंह परमार ने जिला कलेक्टर को दिया ज्ञापन

फिरोज खांन वारसी-
झालावाड़, (रॉयल पत्रिका)। भवानीमंडी पगारिया परिसीमन को लेकर भवानीमंडी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष रोड सिंह परमार के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से ग्राम बोरखेड़ी (वीरान गांव) को नवीन ग्राम पंचायत जीजनी में शामिल करने का प्रस्ताव दिया गया है जो कि हम समस्त ग्राम वासीयों के अधिकारों का हनन है किया जा रहा है क्योकि बोरखेड़ी की समस्त जमीन पगारिया गांव के -किसानों की है। एवं ग्राम बोरखेड़ी हमारे गांव पगारिया एवं भीमनी के मध्य पड़ती है जिससे हमारे दोनो गांवों के पशु चरते है एवं अन्य कार्यों में काम आती है भवानीमंडी ब्लॉक अध्यक्ष रोड सिंह परमार ने 28 मार्च को बताया कि ग्राम बोरखेड़ी एक वीरान गांव है। इसमें आबादी




नहीं रहती है। इस गांव बोरखेड़ी में समस्त काश्तकार पगारिया की 526 बीचा से ज्यादा जमीन है। राजनीतिक द्वेषता के कारण ग्राम राजपुरा को नवीन ग्राम पंचायत जीजनी में जोड़ने के लिए ये बोरखेड़ी गांव को शामिल किया जा रहा है। जबकि जीजनी से राजपुरा की दूरी 10 किमी है। जबकि ग्राम राजपुरा की सीमा ग्रामपंचायत गुराड़िया कलां से जुड़ी है।इस ग्राम बोरखेडी का प्रस्ताव खारिज करवायें एवं बोरखेड़ी ग्राम पंचायत पगारिया में ही शामिल रहे इसी को लेकर भवानीमंडी ब्लॉक अध्यक्ष रोड सिंह परमार ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंप कर अवगत कराया की प्रस्ताव खारिज नहीं किया तो विरोध किया जाएगा जिसकी जवाबदारी प्रशासन की होगी

# अलविदा जुमे की नमाज में शहर की मस्जिदों में रोजेदार अकीदतमन्दों का उमड़ा जनसैलाब

## -"अल्लाह की बारगाह में रोजेदारों ने गुनाहों की तौबा की"

जोधपुर, (रॉयल पत्रिका)। रहमतों व बरकतों के महीने रमजान की 21वीं, 23वीं, 25वीं व 27वीं शबे-कद्र की रातों के साथ आज जुमातुल विदा (अलविदा जुम्मा) की नमाज में मुस्लिम समुदाय का हर शख्स अपने-अपने गुनाहों से पाक होने के लिए अल्लाह के दरबार में आजिज़ी (प्रार्थना करना) कर रहा है। प्रवक्ता शौकत अली लोहिया ने बताया कि ईदगाह मस्जिद के पेश इमाम व खतीब मौलाना मोहम्मद हुसैन अशरफी ने अपने खुत्बे (कुरआन की रोशनी में अल्लाह का उपदेश मस्जिद में सार्वजनिक रूप से सभी को देना) में शबे-कद्र (निर्णय की रात) की खुबी के साथ जमातुल विदा के बारे में खुत्बे में कहा कि जुमातुल विदा का मतलब छोड़कर जाने वाला दिन अर्थात माहे रमजान के पवित्र महिने के आखिरी जुमे के दिन को कहते है। मस्जिदों में जुमे की नमाज अदायगी से पहले पेश इमाम द्वारा जुमातुल विदा का खुत्बा पढ़ा जाता है। इस दिन अल्लाह के पैगम्बर मुहम्मद सल्ललाहो अलैहि वस्सलम ने माहे रमजान में विशेष इबादत की। इसलिए माहे रमजान के इस दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों अपने कारोबार व दुनियावी कामकाज को छोड़कर ईदगाह के वसी मैदान में जमा होकर सामुहिक रूप से नमाज अदा करते है। अपने अगले-पिछले सभी गुनाहों के लिए अपने दामन को फैलाकर अल्लाह के दरबार में तौबा करने के लिए उमड़ पड़ते है।

माहे रमजान का आखरी जुम्मा - मुफ्ती मौलाना शेर मोहम्मद रजवी, मुफ्ती ए आजम राजस्थान
माहे रमजान का हर दिन बरकत वाला दिन होता हैं, मगर आखरी



जुम्मा बहुत ही बरकतों वाला दिन होता है। इस दिन में हर मुसलमान तन्दरुस्त हो या बीमार, हर हाल में जुम्मा की नमाज अदा करने की कोशिश करता है। इस दिन में "नमाज तस्बीह" (ईश्वर/अल्लाह की महिमा) भी जुमा से पहले पढ़ता है और अपने माल, जेवर और जानवरों की जकात भी इसी दिन में अदा करने की कोशिश करता है ताकि उसका माल पूरे साल तक सलामत रहे। अपना और अपने छोटे बच्चों का फितरा भी अदा करता है ताकि उसके रोजे अल्लाह के दरबार में कुबूल हो। अगर इस दिन तक अपने माल की ज़कात न दी तो उसकी नमाज़ कबूल नही होगी और फितरा नहीं दिया तो रोज़े कुबूल नहीं होंगे। तमाम मोमिन भाई अपनी-अपनी नमाज़े ईद, हर हाल में ईदगाह के वसी मैदान में जमा होकर ही अदा करें। यही इस्लाम का पैगाम (संदेश) है। (हदीस)

रोजेदार गुनाहों से पाक व साफ - शहर खतीब व पेश इमाम काजी मोहम्मद तैयब अंसारी
हर इंसान की ख्वाहिश होती है कि उसे दुनिया और आखिरत में उसके रहने के लिए साफ सुथरी व आला दरजे की जगह हासिल हो। रोजेदारों के लिए आखिरत की जगह जन्नत है। उन रोजेदार इंसानों को जन्नत मिलेगी, जिन्होनें रोजे रखते हुए नमाज की पाबन्दी की, नेक अमाल व इबादत की, गरीबों व मिस्कीनों को ध्यान रखा। अल्लाह के रसूल फरमाते है कि जिसे शख्स ने रोजे रखने वाले रोजेदारों को सेहरी व इफ्तार के वक्त पानी पिलाएगा, वह अपने गुनाहों से पाक और साफ हो जायेगा गोया कि अभी अपनी मां के पेट से पैदा हुआ हो।

**रमजान में जुमे की अहमियत** : शौकत अली लोहिया (समाजसेवी शिक्षक व प्रवक्ता)
जुमे के दिन को छोटी ईद कहा जाता है और जुमे के दिन को सारे दिनों का सरदार कहा जाता है। जुमे के नमाज के दिन मुसलमान नहा धोकर, इत्र (खुशबु) लगाकर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों से समय निकालकर नमाज अदा करने के बाद देश के लिए अमनो-चौन की दुआ करने व गरीबों, मिस्कीनों की मदद करने के साथ आपस में एक-दूसरे को मुबारकबाद देता है। माहे रमजान का महीना आते ही रहमत के सारे दरवाजे खोल दिये जाते है और जहन्नुम के दरवाजों को बन्द कर दिया जाता है। शैतानों को जंजीरों में बांध दिया जाता है।

# अमर जवानों के बलिदानों को याद करें, बेहतरीन सेवा से समाज को आगे बढ़ाएं: मनजिंदर

## -वीरगति स्मारक पर श्रद्धांजलि एवं लोकार्पण



मोहम्मद अली पठान
चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर स्थित वीरगति स्मारक के लोकार्पण पर जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयुद्ध सेवा महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल सुरेश चन्द्र टान्डी (एवीएसएम, वीएसएम), जीओसी चेतक कोर लेफ्टिनेंट जनरल नगेन्द्र सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, एसएम), जीओसी रणबांकुरा डिवीजन मेजर जनरल एके पुंडीर (एसएम, वीएसएम), ईएसएम लीग अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल एसपीएस कटेवा (पीवीएसएम, एवीएसएम, सेवानिवृत्त), चूरू विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ सहित अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सैन्य अधिकारी, वीरांगनाएं व भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। इस अवसर पर संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ सप्तशक्ति कमान, लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह (एवीएसएम, वाईएसएम, वीएसएम) ने कहा कि हम हमारे अमर जवानों के बलिदान को याद रखें तथा अपनी बेहतरीन सेवाओं से समाज की सेवा करें। चूरू के सपूतों ने विभिन्न अवसरों पर अपने अदम्य साहस, त्याग एवं बलिदान से देशप्रेम का उत्कट परिचय दिया है। यहां की धरती ने वीरों पर जन्म दिया है और वीरों ने देश का गौरव बढ़ाया है।उन्होंने कहा कि चूरू में भव्य वीरगति स्मारक का निर्माण भावी पीढ़ी को प्रेरित करेगा। हम अपनी पीढ़ी में देशभक्ति का संचार करें तथा राष्ट्र गौरव को बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि सेना द्वारा अमर जवानों के परिवारों, भूतपूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की परेशानियों को समझते हुए निराकरण के लिए शिविर, हैल्थ शिविर आदि विशेष प्रयास किए जाते है। हम समाज में एक सकारात्मक संदेश के साथ वीरों, भूतपूर्व सैनिकों व उनके परिवारों की देखभाल करें। इसके लिए सामाजिक स्तर पर भी बेहतरीन प्रयास किए जाए। भूतपूर्व सैनिक गांव, परिवार में रहते हुए समाज की अच्छी सेवा करें। हम सभी संकल्पित होकर समाज को आगे बढ़ाएं तथा वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करें। मुख्य अतिथि मनजिंदर सिंह वीरांगनाओं, भूतपूर्व सैनिकों से रूबरू हुए। जिला सैनिक बोर्ड अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने कहा कि यह दिन हमारे चूरू जिले के लिए एक ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण क्षण है। यह अवसर न केवल हमारे वीरगति प्राप्त सैनिकों के बलिदान को याद करने का है, बल्कि यह भी दर्शाता है कि हमारा जिला किस प्रकार "हर काम देश के नाम" की भावना को जीवित रखता है। चूरू की धरती वीरता और बलिदान की गाथाओं से सजी है। लगभग 25,000 वीर सैनिकों ने जिले के गौरव को बढ़ाया है। द्वितीय विश्व युद्ध से लेकर अब तक 89 वीर सपूतों ने मातृभूमि की रक्षा में अपने प्राण न्यौछावर किए हैं। इसके साथ ही, हमारे जिले ने 01 महावीर चक्र, 01 मिलिट्री क्रॉस, 03 कीर्ति चक्र, 2 वीर चक्र, 4 शौर्य चक्र, 30 सेना-नौसेना मेडल और 01 युद्ध सेवा मेडल जैसे सम्मानों से देश का मान बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि आज का यह "वीरगति स्मारक" उन अमर जवनों को समर्पित है, जिन्होंने अपनी जान देकर हमारे देश की स्वतंत्रता और सम्मान को अक्षुण्ण रखा। इस स्मारक का पुनःनिर्माण स्व. भंवरलाल जी और संपत देवी हीरावत की स्मृति में उनके पुत्रों बसंत हीरावत व अभय हीरावत तथा उनके परिवार के सहयोग से संभव हुआ है। एक युद्धक टैंक, सैनिकों की विशाल मूर्तियां और भारतीय सेना के विभिन्न युद्धों के दृश्यों को दर्शाती पत्थर की कलाकृतियां इसकी भव्यता को और बढ़ाती है। यह वीरगति स्मारक न केवल हमारे अमर जवानों को श्रद्धांजलि बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत भी है। उन्होंने अमर जवानों, वीर नारियों, भूतपूर्व सैनिकों की सेवा, त्याग व समर्पण के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए उनके कल्याण और सम्मान के लिए हर संभव प्रयास जारी रखने की बात कही। कमांडर रणबांकुरा गनर्स ब्रिगेडियर एसपी दास ने आभार जताया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नेवी) दलीप सिंह राठौड़ ने अतिथियों को स्वागत व अभिनंदन किया तथा जिला मुख्यालय पर पुनर्निमित वीरगति स्मारक के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने अर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले बसंत हीरावत व अभय हीरावत का आभार जताया।

# झुन्झुनू के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का किया स्वागत

झुन्झुनू, (रॉयल पत्रिका)। नगर विकास मंच के पदाधिकारियों के द्वारा झुन्झुनू के प्रभारी मंत्री अविनाश गहलोत का विरेन्द्र शाह के नेतृत्व में स्वागत किया और उन्हे ईद और रामनवमी पर झुन्झुनू आने का दिया निमंत्रण। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष बनवारी लाल सैनी, झुन्झुनू विधायक राजेन्द्र भाम्बू, नगर मण्डल अध्यक्ष कमल कान्त शर्मा का भी दुप्पटा पहना कर स्वागत किया गया इस अवसर पर मंच के सचिव ख्याली राम कुमावत उपाध्यक्ष चन्द्र प्रकाश शुक्ला, खादीम खोखर, सुमेर कड़वासरा, विजय सैनी, रवि लाम्बा, देवकिनन्दन बंका मौजूद रहे।



# रोज़ा रखने से इंसान स्वस्थ रहता है और शरीर फिट रहता है: हाजी आजम अली खान

चूरू, (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से हाजी आजम अली खान पीटीआई रिटायर्ड शिक्षाविद् ने माहे रमज़ान की मुबारकबाद देते हुए कहा। इस्लामी कैलेण्डर के हिसाब से रमज़ान एक पाक महीना है। जिसमें पूरी दुनिया के मुस्लिम रोज़ा रखते हैं। यह महीना रूहानी पाकीज़गी, आध्यात्मिक विकास और अल्लाह के साथ जुड़ने का अच्छा मौका फरहाम करता है । रोज़ा इस्लाम के पाँच



स्तम्भों में से एक है। यह अल्लाह की फरमाबरदारी और आत्म नियंत्रण के लिए प्रेरित करता है। रोज़े के दौरान मुस्लिम सूर्योदय से सूर्यास्त तक खाने-पीने से परहेज़ करते हैं। कुरान की कुछ आयात जिनमें अल्लाह अपने बन्दों को रोज़े से सम्बन्धि निर्देश देते है- एक हदीस में आया है की ऐ ईमान वालों तुम पर रोज़ा फर्ज़ किया गया है, जैसा कि तुमसे पहले के लोगों पर फर्ज़ किया गया था, ताकि तुम परहेज़गार बन जाओ रोज़ा कुछ दिनों के लिए है। तो जो कोई तुममें से बिमार हो या सफर पर हो तो रोज़ा के उतने ही दिनों की कज़ा कर ले। (कज़ा बाद में अदा कर ले) और दूसरी हदीस में आया कि रमज़ान का महीना वह है जिसमें कुरआन नाज़िल हुआ। जो लोगों के लिए हिदायत, रोशनी और कसौटी है। जो कोई तुममें से इस महीने को देख ले तो रोज़ा रखे और लैलतुल कद्र के बारे में है, जो रमज़ान की एक रात है जो हज़ार महीनों से बेहतर है।

**रमज़ान के दौरान की अन्य गतिविधियाँ -**
इस महीने के दौरान तरावीह नाम की नमाज़ रात में पढ़ी जाती है। मुस्लिम कुरआन की तिलावत करते हैं और उसके मायने समझने की कोशिश करते हैं। हालांकि जकात और सदका साल में कभी भी दिया जा सकता है लेकिन ज्यादातर मुस्लिम्स रमज़ान के दौरान ज़कात और सदका (दान) देते हैं। जो गरीबो और ज़रूरतमंदो की मदद के लिए होता है।

**रोज़ा रखने के फायदे-**
रूहानी पाकीज़गी (आत्म शुद्धि), आध्यात्मिक विकास, स्वास्थ्य लाभ, सामाजिक लाभ, रूहानी पाकीज़गी और आध्यातिमक विकास इस्लामी दर्शन में नफ्स को इन्सान का एक अहम पहलू माना जाता है। नफ़्स यानी मन जो काम, क्रोध, लोभ, मोह, इर्ष्या, द्वेष जैसी वृत्तियों (नक्सियाती कमज़ोरियों) पर इन्सान काबू करता है। रोज़े के दौरान हमें अपने नफ्स को काबू में रखने के लिए कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जैसे खाने-पीने का परहेज़ करना, अपने गुस्से और आक्रोश पर काबू रखना इत्यादि । रोज़ा नफ्स को पाक रखने और आत्म नियन्त्रित रखने में महत्वपूर्ण साधन है। स्वास्थ्य लाभ रोज़ा स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है। यह शरीर को विषाक्त पदार्थों से मुक्त करने में मदद करता है। वजन कम करने में सहायक होता है क्योंकि शरीर को खाने-पीने से मिलने वाली ऊर्जा रोजे के दौरान नहीं मिल रही होती है लिहाज़ा शरीर में संचित ऊर्जा का इस्तेमाल होता है। जिस कारण वज़न कम होता है। रोज़ा शुगर (मधुमेह) के कन्ट्रोल लिए भी फायदेमंद हो सकता है। रोज़े के दौरान रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) और कोलेस्ट्रोल के स्तर में कमी आ सकती है जिससे दिल का स्वास्थ्य बेहतर हो सकता है। कुछ अध्ययनों से यह भी पता चला है कि रोज़े के दौरान शरीर की कैंसर कोशिकाओं को नियन्त्रित करने की क्षमता बढ़ जाती है। सामाजिक लाभ रोज़े का मकसद सिर्फ खाने-पीने से परहेज़ करना ही नहीं है बल्कि यह सामाजिक बुरे कामों से भी अपने आपको दूर कर लेने का एक मौका है। मुस्लिम अपने आपको झूठ, कपट, गुस्सा, आक्रोश, बुरी नज़र और बुरे विचार, धोखाधड़ी और अन्याय आदि से दूर रखने की कोशिश करता है। रोज़े के दौरान आत्म नियंत्रण से समाज में एकता, सद्भावना और समाज में सुधार लाने में मदद मिलती है। रोज़ा रखने से स्वास्थ्य बेहतर रहता है। और शरीर फिट रहता है।

